स्थापित 1979........................संस्थापक : स्व0नरेन्द्र उनियाल

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

वर्ष-14, अंक 181 गैरसैण सोमवार 6 नवम्बर 2023 मूल्य: रू 2.00 डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## विजिलेंस की कार्रवाई, पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते सिपाही गिरफ्तार

**हरिद्वार, एजेंसी।** हरिद्वार के कनखल थाने में तैनात एक सिपाही को देहरादून से आई विजिलेंस की टीम ने पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। विजिलेंस की टीम सिपाही से पूछताछ कर रही है। सिपाही की गिरफ्तारी की खबर से पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है।

एसपी विजिलेंस रेनू लोहानी ने बताया कि कनखल थाना क्षेत्र में दो पक्षों के बीच विवाद हो गया था, जिसमें सात लोगों के खिलाफ क्रॉस मुकदमा दर्ज किया गया था। दोनों पक्षों के दो लोगों से सिपाही पप्पू कश्यप ने पैसे ले लिए थे, जबकि पांच लोगों से पांच हजार रुपये की मांग की थी।

इस संबंध में किसी ने शिकायत विजिलेंस को कर दी। शिकायत के बाद विजिलेंस की टीम ने जांच की तो मामला सही पाया गया। जिसके बाद रविवार को टीम ने सिपाही को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया।

## आतंकी पन्नू ने दी एयर इंडिया प्लेन को उड़ाने की धमकी, 19 नवंबर को लेकर सिखों को चेतावनी

**ओटावा, एजेंसी।** खालिस्तान समर्थक आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने एक नया वीडियो जारी किया है। इस वीडियो में पन्नू जो बातें कह रहा है वह डराने वाली हैं। गुरपतवंत सिंह पन्नू प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस का नेता है। उसने एयर इंडिया विमान को 19 नवंबर को उड़ाने की धमकी दी है। वीडियो में पन्नू सिखों को संबोधित करते हुए कहता है कि आप एयर इंडिया के विमान से 19 नवंबर को सफर न करें। अगर ऐसा करते हैं तो आपकी जान को खतरा हो सकता है। पन्नू कहता है कि हम सिख समुदाय से एयर इंडिया के जरिए यात्रा न करने का आग्रह करते हैं। 19 नवंबर को वैश्विक नाकाबंदी होगी और हम एयर इंडिया को चलने नहीं देंगे। इसके अलावा पन्नू ने इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट को 19 नवंबर को बंद करने की धमकी दी है। इसमें पन्नू अपने इरादों को बताते हुए कहता है कि 19 नवंबर वही है, जिस दिन क्रिकेट वर्ल्ड कप का फाइनल भी है। पन्नू कहता है कि उस दिन (19 नवंबर) सिखों पर भारत के अत्याचार को दुनिया देखेगी और पंजाब के आजाद होने के बाद हवाई अड्डे के नाम बदला जाएगा।

# भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 243 रन से हराया

## कोहली के शतक के बाद जडेजा ने पांच विकेट लिए

नई दिल्ली , एजेंसी। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 243 रन से हरा दिया है। इसके साथ ही टीम इंडिया के अजेय रहने का सिलसिला जारी है। भारत लगातार आठ जीत के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है और अब यह भी तय हो गया कि भारत शीर्ष पर ही रहेगा। वहीं, दक्षिण अफ्रीका को दूसरी हार का सामना करना पड़ा है। हालांकि, यह टीम भी पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है, लेकिन यह हार दक्षिण अफ्रीका के मनोबल के लिए बेहद नुकसानदेह होगी।




इस मैच में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट खोकर 326 रन बनाए। भारत के लिए सबसे ज्यादा नाबाद 101 रन विराट कोहली ने बनाए। उन्होंने वनडे में 49वां शतक लगाया और सचिन के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की। श्रेयस अय्यर ने 77 और कप्तान रोहित ने 40 रन का योगदान दिया। दक्षिण अफ्रीका के लिए एडेन मार्करम को छोड़ सभी गेंदबाजों ने एक-एक विकेट लिया। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम सिर्फ 83 रन बना सकी। सबसे ज्यादा 14 रन मार्को यानसेन ने बनाए। उनके अलावा डुसेन ने 13 रन और बावुमा-मिलर ने 11-11 रन बनाए। इनके अलावा कोई भी अफ्रीकी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर पाया। भारत के लिए रवींद्र जडेजा ने पांच विकेट लिए। मोहम्मद शमी और कुलदीप यादव को दो-दो विकेट मिले। मोहम्मद सिराज ने एक विकेट लिया।79 रन पर दक्षिण अफ्रीका के नौ विकेट गिर गए हैं। कगिसो रबाडा 26 गेंद में छह रन बनाकर आउट हुए। रवींद्र जडेजा ने अपनी ही गेंद पर उनका कैच पकड़ा। यह इस मैच में उनकी पांचवीं सफलता है। 79 रन पर दक्षिण अफ्रीका के आठ विकेट गिर चुके हैं। मार्को यानसेन 30 गेंद में 14 रन बना चुके हैं। कुलदीप यादव ने उन्हें रवींद्र जडेजा के हाथों कैच कराया। 67 रन पर दक्षिण अफ्रीका का सातवां विकेट गिरा है। केशव महाराज 11 गेंद में सात रन बनाकर आउट हो चुके हैं। रवींद्र जडेजा ने उन्हें क्लीन बोल्ड किया। अब कगिसो रबाडा और मार्को यानसेन क्रीज पर हैं। 20 ओवर के बाद दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 69/7 है।

# चुनाव लड़ने का ढ़ोंग कर रही कांग्रेस, ताकि 'डोनेशन' इकट्ठा करने का मौका मिल जाएः पीएम

**सिवनी,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कांग्रेस पर जबर्दस्त हमला बोलते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में कांग्रेस को अपनी हार के बारे में मालूम है, इसलिए वो चुनाव लड़ने का मात्र ढोंग कर रही है, ताकि 'डोनेशन' इक्ट्ठा करने का मौका मिल जाए।



पीएम मोदी राज्य के सिवनी में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य में कांग्रेस चुनाव नहीं लड़ रही, उन्हें मालूम है कि उन्हें जीतना नहीं है। पार्टी चुनाव लड़ने का ढोंग मात्र कर रही है, ताकि डोनेशन इकट्ठा करने का मौका मिल जाए।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेताओं के बीच मुख्यमंत्री पद की लड़ाई नहीं है। असली लड़ाई इस बात की चल रही है कि किसका बेटा यहां कांग्रेस का मुखिया बनेगा। सब एक-दूसरे के कपड़े फाड़ने मे लगे हैं। यहां के दो बड़े नेता अपने-अपने बेटे को आने वाले दिनों में 'सेट' करने के लिए मध्यप्रदेश को 'अपसेट' करने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि जिन्हें अपने बेटे-बेटी की चिंता है, वो कभी जनता की सोचेंगे क्या। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग बोलते हैं, हमारे 'दादा-दादी', 'नाना-नानी' ने ये किया और उन्हें इसीलिए वोट दिया जाए क्योंकि वो उनके दादा-दादी थे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा जनता के भविष्य के लिए काम कर रही है। गरीब का जीवन आसान बनाना भाजपा का लक्ष्य है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पर कभी भरोसा नहीं कर सकते। उनका नारा है, गरीब की जेब साफ, काम हाफ और करना उससे भी हाफ। कांग्रेस ने सबसे ज्यादा छोटे किसानों को धोखा दिया।

## बाबा केदार की शरण में पहुंचे राहुल गांधी, देखने को लगी भीड़



एकांतवास में गुजारेंगे तीन दिन

**देहरादून।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपनी आध्यात्मिक यात्रा के तहत केदारनाथ धाम पहुंच गए हैं। वह तीन दिन यहीं रहेंगे।

राहुल गांधी वर्ष 2013 की आपदा के बाद भी केदारनाथ धाम आ चुके हैं। उस दौरान उन्होंने गौरीकुंड से केदारनाथ की 16 किमी पैदल यात्रा की थी। राहुल गांधी केदारनाथ प्रवास के दौरान ध्यान कुटिया में भी रुक सकते हैं।

# रेगुलर ट्रेनें हुईं फुल, अब कई रूटों पर चलेगी गतिशक्ति सुपर फास्ट ट्रेन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हर साल की तरह इस साल भी पूर्वांचल दिशा की तरफ जाने वाली सभी नियमित ट्रेन अभी से ही फुल हो गई हैं। कई ट्रेनों में वेटिंग टिकट भी नहीं मिल रहा है। ऐसे में यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। आरक्षित बर्थ की चाहत को लेकर टिकट काउंटर से लोग निराश होकर लौट रहे हैं और किसी अन्य विकल्प का तालाश कर रहे हैं। खासकर दीपावली और छठ पर्व में शामिल



होने के लिए हर साल दिल्ली से बड़ी संख्या में लोग पूर्वांचल की तरफ जाते हैं। इस भीड़ को देखते हुए रेलवे ने कई रूट पर स्पेशल ट्रेन चलाकर यात्रियों की राह आसान करने में जुटा हैं नियमित ट्रेनों के फुल होने से रेलवे ने नई दिल्ली-पटना, नई दिल्ली से लखनऊ वाराणसी के लिए गतिशक्ति स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। साथ ही जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, गोंडा, गोरखपुर, सीवान, छपरा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया और बख्तियारपुर रूट पर भी स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। त्योहारों में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए रेलवे ने नई दिल्ली-पटना के बीच 02246 /02245 गतिशक्ति स्पेशल सुपरफास्ट ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। ट्रेन संख्या 02246 नई दिल्ली-पटना जंक्शन आरक्षित सुपरफास्ट गतिशक्ति स्पेशल 10.11, 14, 15, 16 और नवंबर को देर रात 11:45 बजे चलेगी।

## काश्तकारों को दी योजनाओं की जानकारी

**कोटद्वारः** दुगड्डा ब्लाक के अंतर्गत उमथगांव व धोबीघाट में आयोजित कृषक महोत्व में किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के साथ ही सरकार की ओर से संचालित अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर विशेषज्ञों ने किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पशुओं में टीकाकरण व पशु बीमा पर जानकारी दी। मौके पर किसानों ने जंगली जानवरों से फसलों को हो रहे नुकसान से बचाने के लिए सोलर बाड़ लगाने की मांग की। इस अवसर पर उद्यान विशेषज्ञ प्रभाकर सिंह, ग्राम प्रधान शालिनी देवी, विनोद कुमार, सुधीर कुमार, मनमोहन सिंह और चंद्रमोहन सहित अन्य काश्तकार मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों को दी आपदा से बचाव की जानकारी

**कोटद्वारः** एनडीआरएफ ने जीआईसी दिउली में शिविर लगाकर छात्र–छात्राओं को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया। एनडीआरएफ के कमांडेंट सुदेश कुमार दराल के निर्देशन पर आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में टीम ने छात्र–छात्राओं को किसी भी प्रकार की आपदा से बचाव के उपायों की जानकारी दी। उप निरीक्षक अंकित नाथर ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य लोगों की आपदा के समय मदद करना है। त्वरित मदद से लोगों की जान बचा सकते हैं। कार्यक्रम में एनडीआरएफ टीम से दिलीप, श्यामलाल, भूपेंद्र, लक्ष्मण, सचिन, मेजर सिंह, उमेश नेगी, बलवान , प्रधानाचार्य डा. नंद किशोर गौड़, मुन्ना सिंह, प्रभाकर बाबुलकर, देवराज रावत, ज्ञान सिंह,परमपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस ने बुजुर्गों की सुनी समस्या, निराकरण का आश्वासन

**पौड़ीः** एसएसपी के निर्देश पर जिले के सभी थानाध्यक्षों द्वारा अपने–अपने क्षेत्रों में रहने वाले बुजुर्गों का हालचाल जानने व उनकी परेशानियां सुनने का काम किया जा रहा है। रविवार को सीनियर सिटीजन की सुरक्षा के लिए दिए गए निर्देशों के तहत जिले की थाना धुमाकोट, रिखणीखाल, थलीसैंण पुलिस द्वारा एकल बुजुर्गों के घर जाकर उनसे मुलाकात की गयी। मौके पर जाकर उनका हालचाल जानकर उनकी समस्याओं को सुनकर निदान किया गया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा बुजुर्गों को अपना मोबाइल नंबर, आपातकालीन नंबर डायल 112 दिया गया। बताया गया कि वे किसी भी तरह की परेशानी होने पर पुलिस को तुरंत सूचना दे । एसएसपी श्वेता चौबे ने बताया कि घर में अकेले रह रहे बुजुर्गों पर पौड़ी पुलिस द्वारा विशेष ध्यान दिया जा रहा है जिससे बुजुर्ग स्वयं को सुरक्षित महसूस कर सकें।

# घरों में आ रहा दूषित पानी, उपभोक्ताओं ने जताया रोष

**निगम क्षेत्र के काशीरामपुर तल्ला क्षेत्र में बनी है समस्या , शिकायत के बाद भी सुध नहीं ले रहा जल संस्थान**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** भले ही जलसंस्थान उपभोक्ताओं को शुद्ध जल उपलब्ध करवाने के दावे कर रहा हो। लेकिन, धरातल की स्थिति कुछ ओर ही बयां कर रही है। हालत यह है कि नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत काशीरामपुर तल्लाा में पिछले कई दिनों से दूषित पानी की आपूर्ति हो रही है। नतीजा वार्डवासियों को पानी के लिए इधर–उधर भटकना पड़ रहा है। शिकायत के बाद भी जल संस्थान समस्या को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहा।

काशीरामपुर तल्ला क्षेत्र के लिए बिछाई गई पेयजल लाइन जगह–जगह क्षतिग्रस्त स्थिति में पड़ी हुई है। नतीजा गंदी नालियों से गुजर रही पेयजल लाइन



कोटद्वार के काशीरामपुर तल्ला में बोतल में भरा दूषित पानी

से घरों में दूषित पानी की आपूर्ति हो रही है। लगातार बढ़ रही समस्या से वार्डवासियों को संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है। वार्डवासी सुनीता देवी, मुन्नि देवी ने बताया कि नालियों से गुजर रही पेयजल लाइन को हटाने के लिए कई बार जल संस्थान से शिकायत कर चुके हैं। लेकिन, अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। घरों में आ रहे पानी में कीड़े तक दिखाई दे रहे हैं। पानी इतना गंदा है कि इसका उपयोग किसी भी कार्य में नहीं कर सकते। समस्या के कारण वार्डवासियों की दिनचर्या भी प्रभावित होने लगी है। पूरा दिन केवल पानी की तलाश में ही बीत रहा है। वार्डवासियों ने जल्द समस्या का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

## शासनादेश निरस्त करने पर भड़के कर्मचारी

**कोटद्वारः** उत्तराखंड विद्युत संविदा कर्मचारी संगठन की कोटद्वार शाखा के सदस्यों ने सरकार द्वारा उनको दिए जाने वाले डी ए संबंधी शासनादेश को निरस्त किए जाने पर रोष व्यक्त किया है।

इस संबध में संगठन कार्यालय में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि पूर्व में सरकार की ओर से संविदा कर्मचारियों को भी डी ए दिए जाने का निर्णय लिया गया था, लेकिन सरकार की ओर से उक्त शासनादेश को लागू करने के 24 घंटे के अंदर ही निरस्त कर दिया गया, इससे संविदा कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। कहा कि इस संबंध में संगठन की ओर से 6 नवंबर को ध्यानाकर्षण धरना देने का निर्णय लिया गया है। चेतावनी दी कि यदि निगम और शासन की ओर से कर्मचारियों की मांगों को नहीं माना गया तो संविदाकर्मी कार्य बहिष्कार करने पर बाध्य होंगे। बैठक में खंडीय अध्यक्ष अमित बहुगुणा, सोहन सिंह, विजय सिंह, मनमोहन सिंह, सुबोध, नईम, नवीन, दीपक और तरूण सहित अन्य संविदा कर्मचारी मौजूद रहे।

## जागा सिस्टम, खाद्य पदार्थो के लिए सैंपल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ीः** दीपावली त्यौहार को देखते हुए सतपुली, पाटीसैंण में रविवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा खाद्य पदार्थो के सैंपल लिए गए। जिला अभिहीत अधिकारी खाद्य सुरक्षा एएस रावत के नेतृत्व में होटल रेस्टोरेंट व मिठाई की दुकान पर फूड सैंपल लिए गए।

इस दौरान व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए निर्देशित किया। जिला अभिहीत अधिकारी ने बताया कि रविवार को सतपुली, पाटीसैंण बाजार में फूड सैंपल लिए गए। सैंपल वैध ना पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत उचित कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी रचना लाल, खाद्य पूर्ति निरीक्षक रविंद्र कुमार, थाना सतपुली उप निरीक्षक प्रियंका नेगी, एएसआई सोहनलाल टम्टा आदि मौजूद रहे।

# महोत्सव में बच्चों ने दिया वैज्ञानिक सोच का परिचय

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** एससीईआरटी और समग्र शिक्षा अभियान के संयुक्त तत्वाधान में पदमपुर स्थित श्री गुरूरामराय पैरामेडिकल कालेज में डा. एपीजे अब्दुल कलाम विज्ञान महोत्सव का आयोजन किया गया। विज्ञान महोत्सव में बाल वैज्ञानिकों ने अपने माडलों के माध्यम से वैज्ञानिक सोच प्रदर्शित की।

महोत्सव का आरंभ चंद्रयान–3 मिशन से जुड़े इसरो के वैज्ञानिक दीपक कुमार अग्रवाल व कार्यक्रम सह संयोजक खंड शिक्षा अधिकारी दुगड्डा अयाजुद्दीन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि इसरो वैज्ञानिक दीपक कुमार अग्रवाल ने बाल वैज्ञानिकों द्वार बनाए गए माडलों की प्रशंसा की।

कहा कि विषम परिस्थितियों में छात्रों



आयोजित कार्यशाला का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते अतिथि

द्वारा इस तरह का प्रदर्शन सराहनीय है। उन्होंने बाल वैज्ञानिकों को वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम सह संयोजक व खंड शिक्षा अधिकारी दुगड्डा अयाजुदीन ने कहा कि आम जन को इस तरह के महोत्सवों के माध्यम से विज्ञान की उपयोगिता से परिचित कराया जाना चाहिए। महोत्सव में जनपद के 15 विकास खंडों के 420 बाल वैज्ञानिकों ने प्रतिभाग किया इस दौरान जिला विज्ञान समन्वयक दौलत सिंह गुसाई, स्थल संयोजक प्रधानाचार्य गिरीश उनियाल, जिला समन्वयक समग्र शिक्षा गरिमा व्यास, महेंद्र कुमार अग्रवाल व संदीप बिष्ट सहित विकास खंडों के विज्ञान ब्लाक समन्वयक मौजूद रहे।

# गंभीर और प्रफुल हाउस ने ट्राई ब्रेकर में जीता फुटबाल मैच

**आईएचएमएस में खेल ओलंपियाड का दूसरा दिन**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार।** इंस्टिट्यूट ऑफ़ हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट एंड साइंसेज आईएचएमएस की ओर से आयोजित ओलंपियाड 2023 क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन कबड्डी, बैडमिंटन और फुटबॉल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

रविवार को बालभद्रपुर स्थित संस्थान परिसर में आयोजित छह दिवसीय प्रतियोगिता के बैडमिंटन एकल में अर्जुन हाउस के उर्ज ने प्रथम, गोपाल हाउस के ऋषि ने द्वितीय और गंभीर हाउस के प्रियांशु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

बालिका वर्ग के एकल बैडमिंटन में गोपाल हाउस की सोनाली रावत ने प्रथम, प्रफुल्ल हाउस की ऋतु ने द्वितीय और अर्जुन हाउस की दिव्यानी नेगी तृतीय स्थान प्राप्त किया। कबड्डी बालिका और बालक वर्ग में अर्जुन हाउस ने अपने



आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी

मैच जीते।

ओलंपियाड में फुटबॉल प्रतियोगिता रोमांच से भरी रही। पहला मैच अर्जुन हाउस और गंभीर हाउस के बीच खेला गया। शुरुआत से ही दोनों टीमों के बीच कांटे के टक्कर रही, जिसके कारण अंतिम समय तक कोई भी टीम गोल करने में नाकाम रही। जिसके कारण मैच ट्राई ब्रेकर में गया। गंभीर हाउस के ओम बहुगुणा ने एक मात्र बेहतरीन गोल मारकर अपनी टीम को 1–0 से जीत दिलाई। दूसरा मैच गोपाल हाउस और प्रफुल्ल हाउस के बीच खेला गया। यह मैच भी अंतिम समय तक गोल नहीं होने के कारण ट्राई ब्रेकर में चला गया। जिसमें प्रफुल हाउस के खिलाडि़यों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। खिलाड़ी आर्यन , हर्ष और आकाश रावत ने गोल मारे। गोलकीपर अक्षित के बेहतर खेल के कारण गोपाल हाउस की टीम गोल करने में नाकाम रही। नतीजन प्रफुल्ल हाउस की टीम ने मैच 3–1 से जीत लिया। इस अवसर पर संस्थान के एमडी श्री बीएस नेगी , ईडी अजयराज नेगी, डायरेक्टर एडमिन सुनील कुमार, प्रतियोगिता समन्वयक पंकज कुकरेती, कै. एसपी चमोली आदि मौजूद रहे।

# लोहाघाट में सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ

चम्पावत। पीजी कॉलेज लोहाघाट में छात्रसंघ के सभी आठ पदों पर निर्विरोध निर्वाचन तय है। अध्यक्ष समेत अन्य पदों पर एक–एक प्रत्याशी ने नामांकन कराया था। जांच में सभी नामांकन पत्र वैध पाए गए। ये सभी एबीवीपी प्रत्याशी हैं। रविवार को प्राचार्य डॉ. संगीता गुप्ता और चुनाव अधिकारी डॉ. रवि सनवाल ने निर्वाचन प्रक्रिया पूरी की।

चुनाव अधिकारी ने बताया कि अध्यक्ष पद पर ऋतिक ढेक, उपाध्यक्ष पर वेद प्रकाश पांडेय, उपाध्यक्ष छात्रा में संजना बिष्ट, सचिव पद पर मनीष सिंह बिष्ट, संयुक्त सचिव पंकज विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष सहिल अधिकारी, सांस्कृतिक सचिव पद पर अनीशा फर्त्याल, कला संकाय प्रतिनिधि पद




निकिता गिरी ने ही नामांकन पत्र जमा किए थे। उन्होंने बताया कि रविवार को नामांकन पत्रों की जांच की गई। जांच में सभी प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाए गए। बताया कि सभी पदाधिकारियों को सात नवंबर को शपथ ग्रहण कराई जाएगी।

# पांच बच्चे राज्य स्थापना दिवस पर होंगे सम्मानित

बागेश्वर। बच्चों को अपनी प्रतिभाओं को निखारने के लिए अपने आप को व्यस्त रखना होगा। जब बच्चे व्यस्त रहेंगे तो वे नशे से दूर रहेंगे। इस काम में अभिभावक उनकी मदद कर सकते हैं। यह बात जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने नशे के खिलाफ चल रहे अभियान के दौरान कही। नगर पालिका सभागार में नशा एक अभिशाप और समाधान की संभावनाएं विषय पर प्रतियोगिता आयोजित हुई।

जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने नशे से दूर रहने के तरीके बताए। उन्होंने कहा कि नशे से दूर रहने का सबसे अच्छा उपाय अपने आप को अच्छे कामों में व्यवस्त रखना है। इनमें आप खेलकूद, स्वीमिंग, माइंड गेम, पेंटिंग, म्यूजिक आदि को अपनी रूचि के अनुसार शामिल कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने संवाद वैलफेयर सोसायटी की ओर से आयोजित 11 इंटरमीडिएट से चुने गए सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में मुख्य निर्णायक के तौर पर उन्होंने बच्चों को उनके प्रदर्शन के अनुसार अंक भी निर्धारित किए। उन्होंने कहा कि हमें नशे के कारणों को खोजना होगा। फैक्ट एंड फीगर के आधार पर समाधान तलाशने की जरूरत है। प्रतियोगिता में श्रीश कपूर ने कहा कि बच्चे अब नशे के दुष्प्रभावों को समझने लगे हैं ये अच्छी बात है।

संवाद वैलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष संतोष फुलारा ने कहा कि युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक करने का पहला प्रयास है। प्रतियोगिताओं 11 इंटर कालेज के बच्चों को लेकर दो चरणों में आयोजित की गयी जिनमें आज 5 बच्चों का चयन किया गया। इन बच्चों को राज्य स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

# विभिन्न विभागों के कर्मचारी श्रीनगर रैली के लिए रवाना




विभिन्न विभागों के कर्मचारी जिला मुख्यालय में एकत्रित हुए। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि उनकी मांगों को लेकर वह लंबे समय से आंदोलित हैं, लेकिन सरकार उन्हें बरगला रही है। जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। नई पेंशन योजना में कर्मचारियों का हित सुरक्षित नहीं है। श्रीनगर में आयोजित रैली को सफल बनाया जाएगा। इस मौके पर पिंकी पांडे, नीतू बिष्ट, नीतू पांडे, जानकी पूना, शांति करायत, गीता देवड़ी, गंगा कनवाल, ममता मेहता आदि शामिल थे।

बागेश्वर। पुरानी पेंशन की मांग को लेकर श्रीनगर में रैली आयोजित की जा रही है। इसमें शामिल होने के लिए विभिन्न विभागों के कर्मचारी रवाना हुए हैं। वक्ताओं ने कहा कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं हुई तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

# जिला स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस का समापन

बागेश्वर। उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद की जिला स्तरीय राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का समापन हो गया है। नौ समूह प्रमुख बाल विज्ञानियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। जिला समन्वयक दीप चंद्र जोशी ने बताया कि स्वास्थ्य और कल्याण के लिए पारिस्थितिकी तंत्र को समझना विषय मुख्य था। जिसमें अपने पारिस्थितिकी तंत्र को जाने, स्वास्थ्य पोषण एवं कल्याण को बढ़ावा देना, पारिस्थितिकी तंत्र एवं स्वास्थ्य के लिए सामाजिक और सांस्कृतिक अभ्यास, आत्मनिर्भरता के लिए पारिस्थितिकी तंत्र आधारित दृष्टिकोण, पारिस्थितिकी तंत्र और स्वास्थ्य के लिए तकनीकी नवाचार पांच उपविषयों पर प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

राजकीय इंटर कालेज मैग्ड़ीस्टेट की पूजा गोस्वामी, हीना फर्स्वाण, इंटर कालेज असों की भाविका जोशी, राइंका कांडा प्राची पांडे, राउमावि बिलौना नेहा पांडे, कंट्रीवाइड पब्लिक स्कूल मंडलसेरा कृष्ण पंत, राइंका



मैग्ड़ीस्टेट नेहा, कपकोट प्रतीक, राउमावि भनार प्रिया कोरंगा का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 27 से 31 दिसंबर तक यूकोस्ट देहरादून में होगी। इस दौरान डॉ. बीडी पांडे, अतुल लोहनी, नीरज जोशी, रश्मि डंगवाल, डा. दीपक कोहली, प्रकाश चंद्र आदि निर्णायक थे।

# महिला अस्पताल में चलाए आयुर्वेदिक अस्पतालः डीएम

चम्पावत। डीएम नवनीत पांडेय ने आयुर्वेदिक अस्पताल का संचालन पुराने महिला अस्पताल में करने के निर्देश दिए हैं। आयुर्वेदिक अस्पताल और ट्रामा सेंटर के संचालन के निरीक्षण के दौरान उन्होंने ये निर्देश दिए। शनिवार देर शाम डीएम नवनीत पांडेय ने टनकपुर में निरीक्षण के दौरान शारदा कॉलोनी में 50 बेड के आयुर्वेदिक अस्पताल भवन निर्माण के लिए चयनित भूमि को देखा। इस संबंध में उन्होंने एसडीएम आकाश जोशी को सभी प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए। डीएम ने ट्रामा सेंटर भवन के समीप खाली पड़े महिला अस्पताल भवन की मरम्मत कर आयुर्वेदिक अस्पताल का संचालन करने के निर्देश दिए। शारदा घाट के निरीक्षण के दौरान उन्होंने बाढ़ सुरक्षा के लिए किए जा रहे कार्यों को समय से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने टनकपुर में प्रस्तावित मीडिया सेंटर और गेस्ट हाउस



का भी निरीक्षण किया। इस दौरान नायब तहसीलदार जगदीश गिरी, सीएमएस डॉ घनश्याम तिवारी, सिंचाई विभाग के एसडीओ आरके यादव, जेई वसीम जावेद अली, आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ मोहमद शाहिद, राजस्व उप निरीक्षक नितिन मंगला और पालिका के अपर सहायक अभियंता लक्ष्मण बोहरा आदि मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय विज्ञान महोत्सव में बाल वैज्ञानिकों ने दिखाया हुनर

अल्मोड़ा। राजकीय इंटर कालेज अल्मोड़ा में आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान महोत्सव में जनपद के विभिन्न विद्यालयों से आए बाल वैज्ञानिकों ने सैकड़ों की संख्या में प्रतिभाग किया। राइंका अल्मोड़ा में विज्ञान प्रदर्शनी एवं जीजीआईसी अल्मोड़ा में विज्ञान ड्रामा हुआ। जनपद स्तर पर प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागी राज्य स्तरीय विज्ञान महोत्सव में जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगे। राज्य स्तरीय विज्ञान महोत्सव 18 से 20 नवंबर तक राइंका रुड़की हरिद्वार में किया जा रहा है। राइंका अल्मोड़ा में मुख्य शिक्षा अधिकारी एवं शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय विज्ञान महोत्सव का आयोजन किया गया। विभिन्न विकासखंडों से विज्ञान महोत्सव के अंतर्गत विज्ञान प्रदर्शनी, विज्ञान ड्रामा के अंतर्गत लगभग 300 बाल वैज्ञानिक अपने प्रदर्शों का प्रदर्शन किया गया। इस वर्ष एनएसईआरटी द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी मुख्य विषय ह्यसमाज के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकीह्व रखा गया है। जिसके अंतर्गत 05 उप विषय स्वास्थ्य, पर्यावरण के लिए जीवनशैली, कृषि, संचार एवं परिवहन, संगणात्मक चिंतन के अन्तर्गत ब्लॉक स्तर पर जूनियर तथा सीनियर वर्ग प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागी जनपद स्तरीय विज्ञान महोत्सव में प्रतिभाग किया गया। विज्ञान ड्रामा के अंतर्गत मुख्य विषय ह्यमानव जाति के कल्याण के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकीह्व रखा गया। जिसमें विकासखंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त टीमों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# मेरा बचा हुआ जीवन विकास और पार्टी के काम आएगा : बेहड़

रुद्रपुर। विधायक तिलकराज बेहड़ ने कहा कि गंभीर बीमारी से जूझने के बाद वह जनता के आशीर्वाद से दोबारा स्वस्थ होकर आए हैं। उनका बचा हुआ जीवन पार्टी और विकास के काम आएगा। इस दौरान बेहड़ भावुक हो गए। उन्होंने भाषण के दौरान जहां अपने कार्यकाल के बीते डेढ़ वर्ष की उपलब्धियों को बताया, वहीं अधिकरियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। बेहड़ ने नगर में बनने वाले तीन भव्य प्रवेश द्वारों का शिलान्यास कर विकास का संकल्प लिया। बीते डेढ़ साल में विधायक बेहड़ के विकास कार्यों का आभार जताने के लिए कांग्रेस पार्टी ने रविवार को पुराने टैक्सी स्टैंड पर जनसभा का आयोजन किया। इस दौरान कांग्रेसी नेताओं ने बेहड़ का बड़ी फूल माला से स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया। बेहड़ ने अपने संबोधन में कहा कि डेढ़ साल पहले जनता ने उन्हें विधायक बनाया था। इसके बाद वह गंभीर रूप से बीमार हो गए। लेकिन इसके बावजूद उन्होंने किसी को महसूस नहीं होने दिया और विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुंखी विकास कराया। ईश्वर ने उन्हें जीवन देकर दोबारा लोगों की सेवा के लिए भेजा है। उन्होंने विकास को गति देते हुए किच्छा की पहचान बनने वाले तीन भव्य प्रवेश द्वारों का शिलान्यास किया है। अभी गौला नदी और बंडिया में नमक फैक्ट्री के निकट हसली नदी पर पुल बनाने की योजना है। इन दोनों पुलों की अनुमानित लागत 60 से 70 करोड़ रुपये है।

# पाटी और देवीधुरा महाविद्यालय सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन तय

चम्पावत। पाटी और देवीधुरा महाविद्यालय में सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन तय माना जा रहा है। पाटी महाविद्यालय में चार पदों में निर्दलीय अध्यक्ष प्रत्याशी रश्मि, महासचिव पलक पचौली, कोषाध्यक्ष कृतिका,वि वि प्रतिनिधि गीता का निर्विरोध निर्वाचन तय है। वहीं अन्य पदों में किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन नहीं कराया। उधर देवीधुरा महाविद्यालय में भी सभी पदों में एबीवीपी के प्रत्याशियों निर्विरोध निर्वाचन तय है। अध्यक्ष पद के लिए पंकज चम्याल, उपाध्यक्ष के लिए पंकज जोशी,छात्रा उपाध्यक्ष सरिता रावत, सचिव पद अमित कुमार, कोषाध्यक्ष अध्यक्ष महेन्द्र सिंह, सांस्कृतिक सचिव धीरज नाथ और विवि प्रतिनिधि पर मुस्कान बिष्ट का निर्विरोध



चयन माना जा रहा है। रविवार को एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने निर्विरोध तय माने जाने पर पूर्व जिला सह संयोजक सुदीप चम्याल,पूर्व महासंघ सचिव अल्मोड़ा अर्जुन बिष्ट, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष देवेंद्र भट्ट ने निर्विरोध विद्यार्थी परिषद की जीत की खुशी जताई।

# नगर पालिका परिषद जोशीमठ में खेलकूद प्रतियोगिताएं सम्पन्न





चमोली। जिला प्रशासन एवं खेल विभाग, चमोली द्वारा वाइब्रेंट विलेज में खेलों को बढ़ावा देने, खेलों के प्रति आम–जनता में जागरूकता बढ़ाने के साथ–साथ पलायन को रोकने के उद्देश्य से सीमांत गांव चाई, तपोवन, ढाक, कुड़ी खोली, सैलंग, पैनी, बडागांव, मेरग तथा नगर पालिका परिषद जोशीमठ में 03 एवं 04 नवम्बर, 2023 को खेल मैदान रवी ग्राम जोशीमठ में दो दिवसीय मनोरंजन खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ नगर पालिका पार्षद समीर डुमरी द्वारा किया गया।

1– महिला नीबू–चम्मच दौड में 43 प्रतिभागियों ने भाग लेकर सुनील जोशीमठ की पूनम बिष्ट ने प्रथम, श्रेष्ठी ने द्वितीय व प्रेरणा बहुगुणा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

2– महिला वर्ग की तीन टांग दौड में 22 जोड़ियों ने भाग लेकर मारवाडी व रविग्राम की प्रियंका सकलानी व प्रिया देवी ने प्रथम, स्नेहा व कामिनी ने द्वितीय तथा प्रिति भुजवाण व सरस्वती बिष्ट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

3– महिला वर्ग की रस्सी कूद में 45 प्रतिभागियों ने भाग लेकर रविग्राम की निशा नौटियाल ने प्रथम, प्रिया ने द्वितीय, अनुष्का ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

4– महिला वर्ग की कुर्सी दौड़ में 18 प्रतिभागियों ने भाग लेकर रविग्राम की विनिता सती ने प्रथम, वीना पंवार ने द्वितीय तथा सरस्वती बिष्ट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

1– पुरूष वर्ग की बोरा दौड में 26 प्रतिभागियों ने भाग लेकर रविग्राम के सूरज ने प्रथम, परसारी के अमन ने द्वितीय एवं डॅाडो के सुमित चौहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

2– पुरूष वर्ग की तीन टांग दौड में 15 जोड़ियों ने भाग लेकर परसारी के अमन व प्रशान्त ने प्रथम, अर्जुन व सत्यम ने द्वितीय तथा रविग्राम के गौरव व रूद्र ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

3– पुरूष वर्ग की वालीबाल प्रतियोगिता में 06 टीमों ने प्रतिभाग कर फाइनल मे रविग्राम जोशीमठ की जय माँ चन्डीका ने बजरंग दल रविग्राम को 25–22 एवं 25–20 से पराजित कर पुरूष वर्ग की वालीबाल का खिताब अपने नाम किया।

4– बालक एवं बालिका वर्ग की टेबल–टेनिस प्रतियोगिता के एकल वर्ग में आरव चौहान ने प्रियांशु नेगी को पराजित किया जबकि बालिका एक वर्ग में विभूति चौहान में आकृति विष्ट को पराजित किया। बालक वर्ग के युगल मैच में आरव एवं अरणव बिष्ट की जोड़ी ने सार्थक व प्रियांशू की जोड़ी को पराजित किया जबकि बालिका युगल वर्ग में विभूति चौहान व खूशी की जोड़ी ने पविका एवं अंशिका बिष्ट की जोड़ी को पराजि कर खिताब अपने नाम किया।

## खो–खो प्रतियोगिता में पौड़ी व नैनीताल रहा अव्वल



कोटद्वार के स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः राजकीय स्टेडियम कोटद्वार में राज्य स्तरीय खो–खो प्रतियोगिता का शुभारंभ हो गया है। पहले दिन प्रतियोगिता में पौड़ी व नैनीताल की टीम विजय रही। राजकीय स्टेडियम कोटद्वार में आयोजित प्रतियोगिताओं का शुभारंभ लैंसडौन विधायक दिलीप रावत ने किया। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ विद्यार्थियों को खेल के क्षेत्र में भी आगे रहना चाहिए। आज प्रदेश के कई युवा बेहतर प्रदर्शन कर अपने देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। विद्यार्थियों को खेल के प्रति जागरूक करने के लिए सरकार भी अपना पूरा प्रयास कर रही है। इस दौरान खो–खो अंडर–17 बालक वर्ग में पौड़ी ने चंपावत को 7–6 से हराया। जबकि, अंडर–19 बालिका वर्ग में नैनीताल ने चमोली को 14–0 से हराया। इस मौके पर रवींद्र सिंह रावत, प्रकारण, मनोज नेगी, संजय सैनी, विनोद पंत, मुकेश सुंद्रियाल आदि मौजूद रहे।

## चारा पत्ती लेने गई महिला पर भालू ने किया हमला, घायल

जयन्त प्रतिनिधि।पौड़ीः गढ़वाल वन प्रभाग की पौड़ी रेंज के तहत पाबौ ब्लाक के ग्राम सभा ढिकवाली चौडी के जंगल में चारा पत्ती लेने गई एक महिला पर भालू ने हमला कर उसे गंभीर घायल कर दिया। आनन–फानन में परिजनों ने घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाबौ पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने महिला को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी है।

ग्राम सभा ढिकवाली चौडी निवासी 37 वर्षीय संतोषी देवी पत्नी मनोज नेगी रविवार सुबह गांव से करीब दो सौ मीटर दूर जंगल में चारा पत्ती लेने गई। तभी अचानक से भालू ने उस पर हमला कर दिया। भालू से बचने के लिए महिला ने हाथों से उस पर वार किया। जिससे भालू ने महिला के दोनों हाथों को बुरी तरह से लहूलुहान कर दिया। इसी बीच महिला के हो–हल्ला करने पर भालू उसे छोड़कर भाग निकला, जिससे महिला सकुशल बच गई। हमले में घायल महिला किसी तरह घर पहुंची, जहां परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाबौ पहुंचाया। भालू के हमले से स्थानीय लोगों में भय का माहौल है।घटना पर जिला पंचायत सदस्य आशुतोष पोखरियाल, क्षेत्र पंचायत सदस्य धनवीर सिंह नेगी, संदीप कोठियाल ने क्षेत्र में जंगली जानवरों से निजात दिलाने की मांग उठाई है। वहीं, गढ़वाल वन प्रभाग के डीएफओ स्वप्निल अनिरूद्ध ने बताया कि वन विभाग की टीम को मौके पर भेजा गया है। क्षेत्र में आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।



भालू में हमले में घायल महिला का उपचार करते चिकित्सक

## एमकेवीएन ने नवयुग को हराकर जीती ट्रॉफी




खिलड़ियों का परिचय लेती महापौर हेमलता नेगी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः नवयुग सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बेटी खिलाओ अभियान के तहत इंटर स्कूल बालिका वालीबाल प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें फाइनल मैच एमकेवीएन ने नवयुग पब्लिक स्कूल को हराकर ट्राफी पर कब्जा जमाया।

खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ महापौर हेमलता नेगी ने खिलाड़ियों से परिचय करवाकर किया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन फाइलन मैच से पहले दो सेमीफाइनल मैच खेले गए। पहला सेमीफाइनल मैच दि राइजिंग सन पब्लिक स्कूल व एमकेवीएन के मध्य खेला गया। जिसमें एमकेवीएन ने राइजिंग सन पब्लिक स्कूल को 2–0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल मैच नवयुग पब्लिक स्कूल व डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल के मध्य खेला गया। जिसमें नवयुग पब्लिक स्कूल ने 2–0 से जीत दर्ज की। फाइनल मुकाबला नवयुग पब्लिक स्कूल व एमकेवीएन के मध्य खेला गया। रोमांचकारी मुकाबले में एमकेवीएन ने पूर्व चैंपियन नवयुग पब्लिक स्कूल को कड़े मुकाबले में 2–1 से पराजित कर ट्राफी पर कब्जा जमाया। महापौर हेमलता नेगी, ने अपने संबोधन में कहा आज बेटियां देश के प्रमुख संस्थानों में अग्रणी भूमिका निभा रही है। कहा कि खेलो से व्यक्ति का शारीरिक व मानसिक विकास होता है। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम नेगी, विद्यालय के संस्थापक हुकुम सिंह नेगी सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।

## मौलिक अधिकारों की दी जानकारी

जयन्त प्रतिनिधि।पौड़ीः खिर्सू ब्लाक के राइंका चोपड़ा में राजनीति विज्ञान शाखा द्वारा आज़ादी के अमृत महोत्सव में संसद व विधानसभा में महिला आरक्षण कानून विषय पर संवाद कार्यक्रम की तीसरी चर्चा का आयोजन किया गया। स्कूल में राजनीति विज्ञान प्रवक्ता मयंक उनियाल द्वारा यह नई पहल शुरू की गई है, जिसके द्वारा विद्यार्थी समसामयिक विषयों पर चर्चा कर सकेंगे साथ ही उनमें अपनी बात प्रस्तुत करने का भी साहस उत्पन्न होगा।स्कूल में आयोजित इस संवाद कार्यक्रम का कक्षा 12 की छात्रा रंजना ने संचालन करते हुए जानकारी दी। हिंदी प्रवक्ता ललिता शाह ने कहा कि यह कानून निश्चित ही स्वागतयोग्य है जिसे काफी पहले लागू हो जाना चाहिए था। उन्होंने इस तरह के संवाद कार्यक्रमों को जरूरी बताया। प्रवक्ता अर्थशास्त्र उर्मिला ने कहा कि आज़ाद भारत में पहली बार महिलाओं का संसद की दहलीज तक जाने का रास्ता कुछ हद तक साफ हुआ है। जिसके दूरगामी परिणाम देखने को मिलेंगे। भूगोल प्रवक्ता अंगिता लिंगवाल ने संवाद कार्यक्रम को छात्र–छात्राओं के लिए बेहद जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि आधी आबादी को उनका प्रतिनिधित्व देने की दिशा में नारी शक्ति वंदन कानून एक मील का पत्थर साबित होगा। प्रधानाचार्य योगेंद्र चौधरी ने महिला आरक्षण कानून को बदलते समय की मांग बताते हुए इसे महिलाओं का मौलिक अधिकार बताया। कहा कि इस तरह के समसामयिक विषयों पर चर्चा करने से छात्र–छात्राओं में संवाद कौशल विकसित होगा व जानकारी भी बढ़ेगी। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक मयंक उनियाल, जयप्रकाश, विनोद शाह, कैलाश चंद्र, स्वाति, गुंजन, मनीषा, सिमरन, तृप्ति, नरेंद्र, शुभम आदि शामिल रहे।

### वेतन नहीं मिलने से आक्रोशित कर्मचारियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

जयन्त प्रतिनिधि।कोटद्वारः पिछले नौ माह से वेतन नहीं मिलने से परेशान वन विभाग के आउटसोर्स व संविदा कर्मचारियों ने प्रदेश स्तरीय आंदोलन की चेतावनी दी है। कहा कि लाख शिकायत के बाद भी कर्मचारियों की अनदेखी की जा रही है। रविवार को दैनिक संविदा आउटसोर्स कर्मचारी संघ वन विभाग के बैनर तले बैठक का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि वन पिछले कई माह से पूरी ईमानदारी के साथ अपने कार्यों का निर्वहन कर रहे थे। लेकिन, वन विभाग ने उन्हें पिछले नौ माह से वेतन नहीं दिया है। कर्मचारियों को पता चला कि विभाग ने बिना शासन की स्वीकृति के उन्हें नियुक्त किया था। जिस कारण अब उनका वेतन नहीं दिया जा रहा है। बताया कि पूर्व में शासन ने कर्मचारियों को राहत देने की बात कही थी। लेकिन, अब तक समस्या को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई गई है।

## संघर्ष के बीच मदद को आगे आया रूस का यहूदी क्षेत्र, फिलिस्तीनियों और इजरायलियों को शरण देने को तैयार

**व्लादिवोस्तोक ,एजेंसी।** रूस के सुदूर पूर्व में जेएआर के गवर्नर रोस्टिस्लाव गोल्डस्टीन ने रविवार को कहा कि यहूदी स्वायत्त क्षेत्र (जेएआर) फिलिस्तीनी–इजरायल संघर्ष के दोनों पक्षों के शरणार्थियों को स्वीकार करने के लिए तैयार है।

रोस्टिस्लाव गोल्डस्टीन ने टेलीग्राम पर लिखा, हमारे लिए, हर जीवन महत्वपूर्ण है। हम यहूदी स्वायत्त क्षेत्र में उन लोगों को स्वीकार करने के लिए तैयार हैं जो शांति चाहते हैं। संघर्ष के दोनों पक्षों के शरणार्थी सभी समर्थन उपायों से लाभान्वित हो सकते हैं।

जिस किसी को भी मदद की ज़रूरत होगी वह जेएआर में आश्रय पा सकेगा। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, गोल्डस्टीन ने कहा कि जेएआर का विभिन्न संस्कृतियों और धर्मों के बीच शांतिपूर्ण सह–अस्तित्व का इतिहास है। यह भयानक है जब इस खूनी नरसंहार में निदोष नागरिक, बूढ़े, महिला, बच्चों को पीड़ित होना पड़ता है। इजरायल और गाजा में अब यही हो रहा है।

## युद्ध के बीच बोरिस जॉनसन व पूर्व ऑस्ट्रेलियाई पीएम स्कॉट मॉरिसन पहुंचे इजराइल

**तेल अवीव ,एजेंसी।** ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन और पूर्व ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन इजरायल पहुंच गए हैं। दोनों रविवार सुबह अलग–अलग तेल अवीव पहुंचे। दोनों पूर्व प्रधान मंत्री 7 अक्टूबर को इजराइल के दक्षिणी इलाकों का दौरा करेंगे, जहां हमास आतंकवादियों ने नरसंहार, तबाही और बलात्कार को अंजाम दिया था। संयुक्त राष्ट्र में इज़राइल के पूर्व राजदूत एम.के.डैनी डैनन ने दोनों वरिष्ठ नेताओं के इज़राइल आगमन की पहल की।

इज़राइल हमास के साथ कड़े युद्ध में लगा हुआ है, क्योंकि आतंकवादी संगठन ने 7 अक्टूबर को एक हमले में 1,400 लोगों की हत्या कर दी थी और इज़राइल के सैनिकों, विदेशी नागरिकों, महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों आदि सहित 242 लोगों को हिरासत में ले लिया था। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रोन समेत कई विदेशी नेता इजराइल पहुंचे हैं और उसके साथ एकजुटता व्यक्त की है।

## कनाडाई पीएम ट्रूडो ने फिर उगला जहर

**कनाडा ,एजेंसी।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने हिन्दुओं के स्वास्तिक चिह्न को नफरत फैलाने वाला करार दिया है। सोशल मीडिया एक्स पर ट्रूडो ने लिखा कि वह नफरत फैलाने वाले चिह्नों को संसद के पास प्रदर्शित करने की इजाजत नहीं दे सकते।

उन्होंने आज सुबह ट्वीट किया, जब हम घृणित भाषा और कल्पना देखते या सुनते हैं, तो हमें इसकी निंदा करनी चाहिए।

# विदेशी विश्वविद्यालयों के लिए आ रहे है नियम, मेधावी छात्रों के लिए फीस होगी कम

**नई दिल्ली ,एजेंसी ।** यूजीसी 'फॉरेन यूनिवर्सिटीज' के भारतीय कैंपस और यहां उनके परिचालन से जुड़े 'रेग्यूलेशन 2023' लाने जा रही है। इससे ऐसे मेधावी छात्र को लाभ होगा जो आर्थिक तंगी के कारण प्रसिद्ध विदेशी विश्वविद्यालय का रुख नहीं कर सकते। भारत में अपना स्थानीय कैंपस स्थापित करने वाले कई विदेशी विश्वविद्यालय यहां ट्यूशन फीस में बड़ी छूट भी देंगे।

ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया का मेलबर्न विश्वविद्यालय, क्वींसलैंड विश्वविद्यालय, अमेरिका का टेक्सस विश्वविद्यालय, सेंट पीटर्सबर्ग विश्वविद्यालय और इस्टिट्यूटो मारांगोनी ने भारत में अपना कैंपस खोलने में रुचि दिखाई है। विदेशी विश्वविद्यालयों के भारतीय कैंपस में गरीब मेधावी छात्रों को उनकी मेरिट के आधार पर स्कॉलरशिप देने का प्रावधान किया जा रहा है।

गौरतलब है कि लंबे इंतजार के बाद अब यूजीसी ने भारत में विदेशी कैंपस स्थापित करने का रास्ता खोल दिया है। यह निर्णय यूजीसी काउंसिल की बैठक में लिया गया। अब अपने अगले कदम में यूजीसी फॉरेन यूनिवर्सिटीज के भारतीय कैंपस और यहां उनके परिचालन से जुड़े 'रेग्यूलेशन 2023' लाने जा रही है।

यूजीसी के मुताबिक यह रेगुलेशन अगले कुछ दिनों में जारी किए जा सकते हैं। यूजीसी के मुताबिक अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस व इंग्लैंड समेत विभिन्न राष्ट्रों के कई प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों ने भारत में कैंपस स्थापित करने को लेकर अपनी रुचि दिखाई है। इसके लिए इन



विश्वविद्यालयों ने कई सुझाव भी दिए हैं। विदेशी विश्वविद्यालयों ने अपने सुझावों में क्लस्टर कॉलेज बनाने का सुझाव भी दिया है।यूजीसी का कहना है कि उन्हें अब तक 200 से अधिक भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय हितधारकों से सुझाव प्राप्त हुए हैं। यूजीसी के दिशानिर्देशों के आधार पर ही कोई भी विदेशी विश्वविद्यालय भारत में अपना कैंपस स्थापित कर सकेगा।यूजीसी ने बताया कि भारत में कैंपस स्थापित करने की योजना बना रहे विदेशी विश्वविद्यालयों के लिए मसौदा दिशानिर्देशों को अंतिम रूप देते समय विदेशी विश्वविद्यालयों से प्राप्त सुझावों पर भी विचार किया गया है। यूजीसी ने इस विषय में जानकारी देते हुए बताया कि विश्व प्रसिद्ध ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी सहित विदेशी विश्वविद्यालय भारत में अपना कैंपस स्थापित करने में दिलचस्पी दिखा रहे हैं।प्रसिद्ध शिक्षाविद सीएस कांडपाल के मुताबिक विदेशी विश्वविद्यालय के भारत आने पर इससे उच्च शिक्षा में गुणवत्ता और स्वस्थ्य प्रतिस्पर्द्धा बढ़ेगी। रिसर्च और इनोवेशन पर भी पहले के मुकाबले अधिक काम होगा। छात्रों के साथ साथ शिक्षकों व अन्य कर्मियों के लिए रोजगार के मौके भी बढ़ेंगे।

इसका सबसे बड़ा लाभ उन लाखों भारतीय छात्रों को मिलेगा जो विदेशी विश्वविद्यालय में आवेदन करते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत से हर साल करीब 7–8 लाख छात्र उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाते हैं। ऐसे में यदि विश्व के सबसे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय भारत में ही कैंपस स्थापित करते हैं तो भारतीय छात्रों को स्वदेश में रहकर ही इन विश्वविद्यालय में पढ़ने का अवसर मिल सकेगा।यूजीसी का मानना है कि भारत में विदेशी विश्वविद्यालयों के आने से न केवल डिग्री प्रोग्राम बल्कि रिसर्च को भी बड़ा बूस्ट मिलेगा। दरअसल अभी भी भारत के कई रिसर्चर व प्रोफेसर विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ संयुक्त शोध कर रहे हैं। अभी ऐसे रिसर्चर की संख्या सीमित है, लेकिन भारत में विदेशी कैंपस खुलने पर रिसर्च की संख्या में वृद्धि का अनुमान है।यूजीसी के अधिकारियों के मुताबिक भारत में अपना कैंपस स्थापित करने वाले विदेशी विश्वविद्यालय केंद्र या राज्य सरकारों से अनुदान प्राप्त नहीं करेंगे। यही कारण है कि विदेशी विश्वविद्यालय की दाखिला प्रक्रिया व फीस निर्धारण में यूजीसी का सीधा दखल नहीं होगा। लेकिन इन विश्वविद्यालय को पूरी प्रक्रिया और फीस के मामलों में पारदर्शिता रखनी होगी।विशेषज्ञों का कहना है कि इस सबके बावजूद विदेश के मुकाबले भारत में इन विदेशी विश्वविद्यालय की फीस कम होगी।

## ऑस्ट्रेलिया में विमान दुर्घटना, पायलट की मौत

**सिडनी ,एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया प्रांत में रविवार सुबह एक हल्के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से पायलट की मौत हो गयी और एक यात्री घायल हो गया।विक्टोरिया पुलिस के मुताबिक मेलबर्न से लगभग 145 किमी उत्तर में स्थित गॉलबर्न वियर में स्निपी रोड पर स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 07:15 बजे एक जाइरोकॉप्टर जमीन पर गिर गया। विमान में दो लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि पायलट की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी तथा घायल यात्री को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# दिल्ली मे 10 नवंबर तक बंद रहेगे प्राइमरी स्कूल

## वायु प्रदूषण के बीच केजरीवाल सरकार का फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण के बढ़ते स्तर को देखते हुए दिल्ली सरकार ने पांचवी कक्षा तक के स्कूलों को 10 नवंबर तक बंद रखने का फैसला लिया है। दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने एक्स पर स्कूलों को बंद रखने की जानकारी दी। उन्होंने कहा चूंकि प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ा हुआ है इसलिए दिल्ली में प्राथमिक स्कूल 10 नवंबर तक बंद रहेंगे। उन्होंने कहा कि कक्षा छह से बारहवीं तक के लिए स्कूलों को



ऑनलाइन में शिफ्ट होने का विकल्प दिया जा रहा है।

ग़ौरतलब है कि प्रदूषण बढ़ने के कारण दिल्ली सरकार ने शुक्रवार और शनिवार को सभी प्राथमिक स्कूलों को बंद कर दिया था। उल्लेखनीय है कि पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की सफर–इंडिया वायु गुणवत्ता के अनुसार दिल्ली में औसत एक्यूआई आज 346 है जो बहुत खराब श्रेणी में आता है। प्रदूषण स्तर में कल और बढ़ोत्तरी होकर औसत एक्यूआई 352 रहने की आशंका है। इसके अलावा निर्माण एवं विध्वंस कार्यों पर पहले ही रोक लगा दी गई है। साथ ही बीएस–3 पेट्रोल और बीएस–4 डीजल एलएमवी (4 पहिया वाहन) के संचालन पर प्रतिबंध लगाया गया है।

# नीतीश कुमार को मनाने में लगी कांग्रेस, पहले लालू मिले

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा कांग्रेस की इंडिया गठबंधन में भूमिका को लेकर दिए गए बयान के बाद विपक्षी खेमे में हलचल तेज हो गई है। नीतीश कुमार ने इंडिया ब्लॉक के कमजोर होने के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया था। अब कांग्रेस नीतीश कुमार को मनाने में लग गई है। पहले आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने सीएम नीतीश के आवास पर जाकर उनसे मुलाकात की। अब मुख्यमंत्री को दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय से भी फोन आया है। कांग्रेस के



राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सीएम नीतीश से फोन पर बात की है। बता दें कि मुख्यमंत्री ने सीपीआई की पटना में दो दिन पहले हुई रैली में कहा था कि कांग्रेस के पास इंडिया गठबंधन के लिए फुर्सत नहीं है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक कांग्रेस अध्यक्ष खडग़े ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से फोन पर बात की है।

दोनों नेताओं के बीच इंडिया गठबंधन की आगे की रणनीति पर चर्चा हुई है। वहीं, आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और उनके बेटे एवं डिप्टी सीएम तेजस्वी भी शुक्रवार रात सीएम नीतीश से मिलने उनके आवास पर पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि तीनों नेताओं के बीच इंडिया गठबंधन में कांग्रेस की भूमिका को लेकर ही बातचीत हुई थी।

## विहिप कार्यकर्ता पूरे देश में वितरण के लिए अयोध्या से एकत्र करेंगे अक्षत

**अयोध्या ,एजेंसी ।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) कार्यकर्ता और पदाधिकारी देश भर के पांच लाख मंदिरों में वितरण के लिए रविवार को उत्तर प्रदेश के अयोध्या में 'अक्षत' एकत्र करेंगे। देश भर के 45 प्रांतों (क्षेत्रों) से विहिप के लगभग 100 स्वयंसेवक और पदाधिकारी पवित्र चावल इक्ठा करने के लिए अयोध्या पहुंचे। समारोह दोपहर करीब 12 बजे तीर्थ यात्री सेवा केंद्र में आयोजित किया जाएगा।

राम जन्मभूमि पर रामलला को चढ़ाया गया चावल वीएचपी के स्वयंसेवकों को सौंपा जाएगा।

# वसुंधरा ने आलाकमान के संकेतों को किया नजरअंदाज, कदम पीछे खींचने से किया इन्कार

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** भाजपा आलाकमान द्वारा राजस्थान विधान सभा चुनाव में स्पष्ट संकेत मिलने के बावजूद वसुंधरा राजे सिंधिया राजनीतिक मैदान छोड़ने को तैयार नहीं हैं। पार्टी आलाकमान ने भले ही वसुंधरा राजे की जिद के बावजूद उन्हें मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार या चुनाव प्रचार समिति का मुखिया घोषित नहीं किया हो, लेकिन राजस्थान की राजनीति की चतुर खिलाड़ी वसुंधरा राजे अभी भी मैदान छोड़ने को तैयार नहीं हैं।

वसुंधरा राजे सिंधिया ने आलाकमान के राजनीतिक मूड और राज्य स्तर के नेताओं की तैयारियों को देखते हुए ग्राउंड जीरो पर फोकस किया और लगातार पांचवी बार न केवल झालरापाटन विधान सभा क्षेत्र से अपना टिकट सुनिश्चित किया बल्कि अपने ज्यादा से ज्यादा समर्थकों को टिकट मिले, इस बात को भी सुनिश्चित करने का पुरजोर प्रयास किया।पार्टी के एक नेता ने बताया कि चाहे चुनाव प्रभारी एवं केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी के घर पर राजस्थान भाजपा कोर कमेटी के नेताओं की बैठक हो या पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के घर पर बैठ, या फिर पार्टी मुख्यालय में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हो, वसुंधरा राजे हर बैठक में अपने समर्थकों को जीतने वाला उम्मीदवार बताते हुए उनकी जोरदार पैरवी करती नजर आई।

## सम्पादकीय

# विश्व विजयी बनने का सफर

किसी भी संगठन में एकता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत होती है। पूरा देश इस समय विश्व कप क्रिकेट के बुखार में डूबा हुआ है और भारतीय टीम ने अभी तक किसी को भी निराश नहीं किया है। भारतीय क्रिकेट दल का प्रदर्शन लाजवाब है और नए रिकॉर्ड बनाकर एक बार फिर टीम तीसरी बार विश्व का विजेता बनने की प्रबल दावेदार बनी हुई है। जिस प्रकार की एकता और तारतम्य पूरी टीम में नजर आ रहा है वह खुद ही यह स्पष्ट करता है कि एकता में ही ताकत है और अच्छी रणनीति और कार्य योजना पर चलकर सफलता अर्जित करना मुश्किल कार्य नहीं है। हालांकि अभी विश्व विजेता बनने के सफर में थोड़ी दूरी है लेकिन वर्तमान प्रदर्शन भविष्य के सुनहरे होने के संकेत तो दे ही रहा है। यह पूरी परिस्थितियों खुद पर बेहद संयम रखना एवं एक सटीक कार्य योजना पर आगे बढ़ाने की है। टीम का नेतृत्व यह दर्शाता है कि दल के हर एक सदस्य की भूमिका का भरपूर प्रयोग हर मैच के प्रदर्शन में किया जा रहा है। टीम के सदस्यों के बीच आपसी संबंध एवं आत्मीयता बेहद जरूरी है। किसी भी दल व संगठन के लिए अच्छा नेतृत्व वही होता है जो सबको विश्वास में लेकर चले और सब की राय पर गंभीरता से विचार भी करें। विश्व कप के शुरू होने से पूर्व टीम में खिलाड़ियों के चयन को लेकर कुछ विवाद भी उठे थे जिसमें राजनीतिकरण करने और जातिवाद जैसे मुद्दे उठाने की कोशिश भी की गई थी जिसे टीम मैनेजमेंट ने पूरी तरह से नजरअंदाज करते हुए केवल अपने मिशन पर फोकस किया और उसके परिणाम आज अब तक बेहद उत्साह जनक एवं आशापूर्ण नजर आए हैं। इसमें कोई शक नहीं है कि राष्ट्रीय खेल हॉकी होने के बावजूद हिंदुस्तान का सर्वाधिक लोकप्रिय एवं खेला जाने वाला केवल क्रिकेट ही है। आज का युवा अन्य खेलों की अपेक्षा क्रिकेट में अपना भविष्य तलाश रहा है लेकिन इसके लिए जो प्रतिभा एवं मेहनत चाहिए वह काफी कठिन है। कुछ राज्यों में आगे बढ़ाने के अवसर काफी कम है और यही कारण है कि इन राज्यों से खिलाड़ी महानगरों का रुख करते हैं ताकि आगे बढ़ाने के अवसर प्राप्त हो सके। पूरे देश की नजर एक बार फिर हिंदुस्तान को तीसरी बार विश्व विजेता बने पर लगी हुई है, तथा प्रदर्शन भी यही संकेत दे रहा है कि इस बार विश्व विजेता बनने का गौरव हिंदुस्तान के सिर सजने का समय आ गया है।

# राहुल की बनाई राह पर रपटते नरेंद्र भाई



**पंकज शर्मा**

140 करोड़ 'परिवारजन' अब अपनी आंखें मसलने लगे हैं। यह देश की सियासत में हुए राहुल–प्रियंका के सकारात्मक हस्तक्षेप और निर्भीक उपस्थिति का नतीजा है। यह राहुल की निडर तालठोकू मुद्रा का परिणाम है कि पिछले कुछ महीनों में भारत के नक्शे का राजनीतिक व्याकरण दिन दूना–रात चौगुना बदला है। ज.कांग्रेस के पैदल सैनिक तो सौ टंच खरे हैं, लेकिन राहुल–प्रियंका को घेरे खड़े हर सौ सिपहसालारों में से नब्बे फर्ज़ी हैं। मुझे तो बहुत बार ताज्जुब होता है कि ऐसे वरुधाधिपतियों के होते हुए कैसे ये दोनों सही–सलामत यहां तक पहुंच गए?एक बात तो साफ होती जा रही है कि नरेंद्र भाई मोदी रायसीना पहाड़ी से नीचे की तरफ लुढक़ने लगे हैं। इसका अहसास उन्हें भी हो गया है, उनके अंतःपुर को भी हो गया है, उनकी पार्टी को भी हो गया है, उनके पितृ–संगठन को भी हो गया है और दृष्टि–दिशा–विवेक शून्य उनकी आरती–मंडली को भी हो गया है। भीतर की कुलबुलाहट अब छटपटाहट में तेजी से तब्दील होती जा रही है। इन सर्दियों की शुरुआत पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव नतीजों के जिस गुनगुनेपन के साथ होती दिख रही है, वह अगले बरस की गर्मियों में होने वाले आम चुनाव की तपिश नरेंद्र भाई के लिए इतनी बढ़ा देगी कि मत–कुरुक्षेत्र में उनके तलवे ताताचट हो जाएंगे।

सियासी क्षितिज पर उभर रहे इस दृश्य का श्रेय मैं चाह कर भी सकल–विपक्ष को नहीं दे सकता। यह कहना सच्चाई से आंखें फेरना होगा कि नरेंद्र भाई इसलिए रपटीली राह पर हैं कि विपक्ष एकजुट हो गया है। सब जानते हैं कि विपक्ष 'तुम चंदन, हम पानी' न तो हुआ है, न उसके ऐसा होने की कोई ठोस संभावना है। पांचों प्रदेशों में 'इंडिया समूह' के राजनीतिक दल खुल कर एक–दूसरे के ख़िलाफ़ चुनाव मैदान में हैं। इनमें समाजवादी पार्टी सरीखे लालसा–लिप्त विपक्षी दल भी हैं, तीलीलीली शैली में राजनीति करने वाली आम आदमी पार्टी भी है और अपने को बेहद संजीदा ज़मीनी राजनीति के कर्म का पुजारी समझने वाले वाम दल भी। नरेंद्र भाई के उतार का श्रेय समूची कांग्रेस के पल्लू में बांधने को भी मेरा मन नहीं मान रहा। इसलिए कि आप तो जानते ही हैं, थोड़ा–बहुत मैं भी जानता हूं कि राहुल गांधी की दृढ़ नेकनीयत से उपजी ललकार, प्रियंका गांधी के तुर्श गर्जन, मल्लिकार्जुन खडग़े की ध्यानस्थ मुद्रा से प्रक्षेपित आग्नेयास्त्र और पुराने संस्कारों में रचे–बसे मुी भर कांग्रेसजन के स्वांतःसुखाय कर्तव्यबोध को किनारे रख दें तो बाकी पूरी–की–पूरी कांग्रेस पार्टी अरसे से खो–खो के खेल का मज़ा ले रही है। मेरी तो आज तक समझ में ही नहीं आया कि चप्पे–चप्पे पर विराजमान टपोरी कांग्रेसियों के मन में राहुल–प्रियंका की इस कदर पसीना–बहाऊ मेहनत को ले कर थोड़ी सी भी संवेदनाएं कैसे नहीं जागती हैं?

सो, नरेंद्र भाई लुढक़ रहे हैं तो अमरबेलों से आच्छादित गुंबद वाली कांग्रेस पार्टी की वज़ह से नहीं लुढक़ रहे हैं। बावजूद विपक्ष और कांग्रेस के एक बड़े धड़े की पिकनिक–वृत्ति के, नरेंद्र भाई नीचे की तरफ गुलाटियां खा रहे हैं तो इस का कारण यह है कि उनके 140 करोड़ 'परिवारजन' अब अपनी आंखें मसलने लगे हैं। यह देश की सियासत में हुए राहुल–प्रियंका के सकारात्मक हस्तक्षेप और निर्भीक उपस्थिति का नतीजा है। यह राहुल की निडर तालठोकू मुद्रा का परिणाम है कि पिछले कुछ महीनों में भारत के नक्शे का राजनीतिक व्याकरण दिन दूना–रात चौगुना बदला है। पिछले दस साल में हमने भारत की सियासी–सामाजिक काया को भय से बेतरह थर्राते देखा, बुरी तरह कंपकंपाते देखा, दयनीयता की हद तक निरीह भाव से भरा देखा और भीतर तक सहमा हुआ देखा। आज अगर आपके गांव–कस्बे–शहर के लोग आपको अंगड़ाई लेते दिखाई दे रहे हैं तो मैं तो इसकी पुण्याई का कलावा लुंजपुंज कांग्रेस और विपक्ष की नहीं, राहुल–प्रियंका की कलाई पर ही बांधूंगा।यहां तक का यह कटीला सफ़र राहुल ने सचमुच तकरीबन अकेले ही तय किया है। कांग्रेस के पैदल सैनिक तो सौ टंच खरे हैं, लेकिन राहुल–प्रियंका को घेरे खड़े हर सौ सिपहसालारों में से नब्बे फर्ज़ी हैं। मुझे तो बहुत बार ताज्जुब होता है कि ऐसे वरुधाधिपतियों के होते हुए कैसे ये दोनों सही–सलामत यहां तक पहुंच गए? मगर मैं यह सोच कर भी चकित हूं कि आखिऱ राहुल–प्रियंका के होते हुए कांग्रेसी रावले के केंद्रीय कक्ष में ऐसे–ऐसे बहुरूपिया घुस किन सूराखों से गए? खेत को ही खाने वाली बागड़ लगी कैसे? इस चटक चांदनी से मुक्ति का क्या राहुल–प्रियंका के पास भी कोई उपाय नहीं बचा है? जरा सोचिए, जब इतनी कसामुसी के बावजूद राहुल नरेंद्र भाई को ऐसी ताताथैया करा रहे हैं तो कहीं अगर उन्हें उनके अनुरूप अविचल पार्टी–संगठन मिल गया होता तो फिर तो वे ज़िल्ल–ए–सुब्हानी की डोली चार साल पहले ही उठवा देते। मैं तो राहुल को इसके लिए दाद देने से खुद को रोक नहीं पा रहा हूं कि नैतिक, वैचारिक और पराक्रमीय खोखलेपन से ग्रस्त मरघिल्ले खच्चरों की अपनी और सकल–विपक्ष की टोलियों के बारे में अच्छी तरह जानते हुए भी वे 2024 को ले कर हताश नहीं हैं, निराश नहीं हैं और देश में नरेंद्र भाई मुक्त राजनीतिक संस्कृति की स्थापना का उनका उछाह अनवरत बढ़ता ही जा रहा है।मुझे मालूम है कि तेजी से सुर्ख़रू हो रहे मौजूदा राजनीतिक आसमान का श्रेय, नब्बे फ़ीसदी कांग्रेस और नब्बे फ़ीसदी विपक्ष को कोने में फेंक कर, सिर्फ़ राहुल की छाती पर टांक देने का मेरा उपक्रम बहुतों को भाटगीरी लगेगा। लेकिन, गीता–कुरआन–आइबल पर नहीं, खुद की छाती पर हाथ रख कर, ईमान से एक बात बताइए कि कांग्रेस और विपक्ष में राहुल के अलावा कितनों की कर्मठता देख कर आप भीतर तक स्पंदित महसूस करते हैं?

# कांग्रेस पर कार्रवाई कब शुरू होगी?

**हरिशंकर व्यास**

भारतीय जनता पार्टी के लिए दुश्मन नंबर एक कांग्रेस पार्टी है। भाजपा के शीर्ष नेताओं को हमेशा इस बात की चिंता सताती रहती है कि कब कांग्रेस के हालात सुधरने लगेंगे और तब उसकी वापसी शुरू हो जाएगी। इसके बावजूद यह हैरान करने वाली बात है कि कांग्रेस के किसी भी नेता के ऊपर कोई सख्त कार्रवाई नहीं हो रही है। भाजपा और केंद्रीय एजेंसियों की अभी तक की कार्रवाई किड्स ग्लब्स से हमला करने वाली रही है। कांग्रेस के नेता इस बात पर छाती पीटते हैं कि राहुल गांधी की सदस्यता खत्म करा दी। लेकिन वह कोई कार्रवाई नहीं थी। तीन–चार महीने में फिर उनकी सदस्यता बहाल कर दी गई। कार्रवाई उसको कहते हैं, जो मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन और संजय सिंह के खिलाफ हुई या उत्तर प्रदेश में आजम खान के परिवार के खिलाफ हो रही है। सोनिया व राहुल से ईडी ने नेशनल हेराल्ड मामले में पूछताछ जरूर की लेकिन उसमें आगे कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके अलावा सोनिया गांधी के परिवार के किसी सदस्य पर या कांग्रेस के किसी बड़े नेता पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पी चिदंबरम का परिवार अपवाद है क्योंकि उनके साथ भाजपा के बड़े नेताओं की निजी खुन्नस थी। कर्नाटक में डीके शिवकुमार के खिलाफ कार्रवाई कर्नाटक चुनाव के लिहाज से थी और उसमें भी वे तीन महीने में जमानत लेकर निकल गए थे, जबकि वैसे ही मामले में मनीष सिसोदिया को आठ महीने बाद भी जमानत नहीं मिली है। कांग्रेस के कुछ अन्य नेताओं और परिजनों पर छापे वगैरह पड़े हैं लेकिन गिरफ्तारी किसी की नहीं हुई है।

अगर सरकार चाहती तो सोनिया व राहुल गांधी से लेकर प्रियंका गांधी वाड्रा और रॉबर्ट वाड्रा तक सब जेल में होते। लेकिन किसी के ऊपर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। कहने को कांग्रेस के नेता कहते हैं कि कोई सबूत होता या गांधी परिवार ने कोई गड़बड़ी की होती तो अब तक उनको कब का जेल में डाल दिया गया होता। लेकिन यह कहने की बात है। जेल में डालने के लिए किसी सबूत की जरुरत नहीं होती है। मनीष सिसोदिया के बारे में भी आम आदमी पार्टी यही कह रही है कि कोई सबूत नहीं है। खुद सुप्रीम कोर्ट ने एजेंसियों से कहा कि सबूत ले आइए नहीं तो आपका केस अदालत में दो मिनट में गिर जाएगा। इसके बावजूद सुप्रीम कोर्ट ने सिसोदिया को जमानत नहीं दी और यह सुनिश्चित कर दिया कि कम से कम तीन महीने और वे जेल में रहें। तीन महीने के बाद ही उनकी जमानत याचिका फिर कोर्ट के सामने आ सकती है। सो, भारत की कानूनी व्यवस्था में किसी को गिरफ्तार करके जेल में डालने के लिए सबूत की जरूरत नहीं होती है। ईडी के मामले में तो एजेंसी को सबूत जुटा कर कसूरवार ठहराने से पहले आरोपी को सबूत पेश करके अपने को बेकसूर साबित




करना होता है। इसलिए यह मिथक है कि सबूत की कमी के कारण गांधी परिवार पर कार्रवाई नहीं हुई है।

तभी सवाल है कि किस कारण से गांधी परिवार या कांग्रेस के अन्य नेताओं पर बड़ी कार्रवाई नहीं हो रही है? और दूसरा सवाल यह है कि क्या आगे किसी समय कार्रवाई हो सकती है? यह हो सकता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह वह गलती नहीं दोहराना चाहते हों, जो जनता पार्टी की सरकार के समय हुई थी। जनता पार्टी की सरकार ने इंदिरा गांधी को गिरफ्तार करके जेल में डाला था और संजय गांधी के ऊपर गिरफ्तारी की तलवार लटकाई थी, जिसकी वजह से लोगों की सहानुभूति कांग्रेस के साथ हो गई और फिर कांग्रेस बड़ी ताकत बन कर सत्ता में लौटी। हालांकि अब देश के हालात वैसे नहीं हैं और कांग्रेस भी वैसी स्थिति में नहीं है। फिर भी संभव है कि पार्टी के शीर्ष नेताओं ने जोखिम लेना ठीक नहीं समझा हो। एक कारण यह भी संभव है कि बिना कार्रवाई किए पूरे परिवार और पार्टी को भ्रष्ट साबित करना, परिवारवादी ठहराना और आजादी के बाद हुई तमाम गड़बडिय़ों और कमियों के लिए कांग्रेस पर ठीकरा फोडऩे से राजनीतिक लाभ ज्यादा मिलता हो। एक अन्य कारण यह भी संभव है कि मुख्य विपक्षी पार्टी के सबसे बड़े नेताओं पर कार्रवाई से संभव अंतरराष्ट्रीय आलोचना या दबाव से बचने के लिए कार्रवाई न की गई हो। अगला सवाल है कि क्या सरकार निकट भविष्य में कभी गांधी परिवार या कांग्रेस के कुछ और बड़े नेताओं के खिलाफ कार्रवाई कर सकती है? इसकी संभावना कम दिख रही है। सोनिया गांधी की उम्र और सेहत को देखते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई संभव नहीं है। रही बात राहुल गांधी की तो भारत जोड़ो यात्रा से उनका कद बढ़ा है। उनकी पप्पू वाली इमेज खत्म हुई है। वे नरेंद्र मोदी के मुख्य प्रतिद्वंद्वी के तौर पर स्थापित हुए हैं। इसलिए चुनाव से पहले अगर उनकी गिरफ्तारी होती है तो वह दांव उलटा पड़ सकता है। अपने आप यह मैसेज बनेगा कि चुनावी लड़ाई में कमजोर पड़े तो मोदी ने अपने मुख्य प्रतिद्वंद्वी को जेल भेज दिया। सो, ले–देकर कमजोर कड़ी रॉबर्ट वाड्रा बचते हैं। लेकिन यह भी चर्चा है कि अगर उन पर कार्रवाई होती है तो कुछ ऐसे कारोबारी लपेटे में आएंगे, जिनको भाजपा का करीबी माना जाता है। सो, यह देखना दिलचस्प होगा कि कांग्रेस को लेकर केंद्र सरकार और एजेंसियों की आगे की रणनीति क्या रहती है?

# ग्रामीण डाक सेवकों के सम्मेलन में मांगों पर मंथन

नई टिहरी। अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ उत्तराखंड परिमंडल के प्रांतीय सम्मेलन में 11 सूत्रीय मांगों पर चर्चा हुई। सम्मेलन में संघ पदाधिकारियों ने सभी मांगों निस्तारण की मांग की। कहा जल्द मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही नहीं होती है, तो डाक सेवक आंदोलन के लिये बाध्य होंगे। रविवार को नई टिहरी स्थित प्रेस क्लब सभागार में अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ के प्रांतीय सम्मेलन में संगठन के राष्ट्रीय महासचिव एसएस महादेविया ने कहा कि ग्रामीण डाक सेवक लंबे समय से मांगों को लेकर धरना, प्रदर्शन, रैली, पत्राचार के माध्यम से विभागीय अधिकारी और सरकार को जगाने का काम करते आ रहे हैं, लेकिन डाक सेवकों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जो चिंता का विषय है। बताया डाक



सेवकों की मांगों में ग्रामीण डाक सेवकों को नियमिति का दर्जा और पेंशन देने, कार्य का समय 8 घंटे किये जाने, कमलेश चंद्र कमेटी की सिफारिशों के मुताबिक 12,24 और 36 को लागू करने, सामूहिक बीमा की धनराशि को 5 लाख किये जाने की मांग करते आ रहे हैं,

# प्रदेश को पर्यटन के साथ अन्य क्षेत्रों में नई ऊंचाई मिलेगीः कोठियाल

नई टिहरी। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कर्नल कोठियाल ने बताया कि दिसंबर माह में प्रदेश को पर्यटन सहित अन्य क्षेत्रों में नई ऊंचाई तक ले जाने के लिये देहरादून में देश और विदेशी निवेशकों का दो दिवसीय समिट होगा। सीएम और उनकी टीम इसके लिये रुपरेखा तैयार करने में लगे हैं।

रविवार को नई टिहरी पहुंचे भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कर्नल अजय कोठियाल ने पार्टी दफ्तर में पत्रकारों से बातचीत करते हुये कह कि देहरादून में आगामी 8 और 9 दिसबंर को पर्यटन, आटोमोबाईल, ऊर्जा, डिफेंस, स्वास्थ्य, शिक्षा, मेडिसिन, कृषि, मिलेट्स सहित अन्य क्षेत्रों में प्रदेश को कैसे अग्रणी पयादान लाया जाए, इसके लिये विदेशों और देश के बड़े निवेशकों का समिट होगा। समिट में प्रदेश में 2.5 लाख करोड़ का इंवेस्टमेंट लाने की कोशिश की जा रही है। बताया इसके मुख्यमंत्री स्वंय विदेशों और देश के बड़े उद्योगपतियों से मिलकर वार्ता कर रहे हैं। बताया इंवेस्ट समिट के लिये वेबसाइड भी बनाई गई,जिसमें कई निवेशकों द्वारा आवेदन भी किये हैं। प्रदेश में निवेशकों के लिये जगहों का चिन्हिकरण भी किया जा रहा है। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी पहले की कहा चुके है, आने वाला दशक उत्तराखंड का है, केंद्र और प्रदेश सरकार का पूरे प्रयास लगी है, कि आने वाले समय में उत्तराखंड देश के उन राज्यों में शामिल होगा जो विकास की ओर अग्रसर है। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल, ब्लॉक प्रमुख सुनीता देवी, डा. प्रमोद उनियाल, देवेन्द्र बैलवाल, शीशराम थपलियाल, गोपीराम चमोली, विजय कठैत, मनीष राणा, सोहन रावत आदि शामिल थे।

# छह माह से सड़क बंद, भड़के ग्रामीण

विकासनगर(आरएनएस)। पश्चिमीवाला में बीते छह माह से पुल निर्माण के कारण सड़क बंद किए जाने से भड़के स्थानीय बाशिंदों ने रविवार को प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन कर अपना आक्रोश जताया। लोगों ने पुल निर्माण होने तक वैकल्पिक व्यवस्था कराए जाने की मांग की है। प्रदर्शन कर रहे स्थानीय बाशिंदों ने कहा कि पुल को छह माह पूर्व यातायात हेतु पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया था, लेकिन विभाग की गैर जिम्मेदारी की वजह से पुल के निर्माण के संबंध में कोई प्रयास नहीं किए गए। लोगों को चौपहिया वाहन तो दूर, स्कूटर, मोटरसाइकिल आदि से चलना भी भारी पड़ रहा है, उन्हें बगल से कच्ची रोड से होकर गुजरना पड़ रहा है। कहा कि क्षेत्र में कई निर्माण कार्य हो रहे हैं, जिसके लिए निर्माण सामग्री लाने को दस किमी की अतिरिक्त दूरी नापनी पड़ रही है, जिससे आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। बताया कि पुल के दूसरे छोर पर सरकारी विद्यालय, सरकारी अस्पताल है, जिनमें पहुंचने के लिए दस किमी का फेरा लगाना पड़ रहा है। संबंधित विभाग ने पुराने पुल को तोड़ दिया, लेकिन छह माह बीत जाने के बाद भी नए पुल का निर्माण शुरू नहीं कराया गया है। कहा पुल निर्माण होने तक ग्रामीणों के लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था की जानी चाहिए। प्रदर्शन करने वालों अजय ठाकुर, बृजेश गुलेरिया, आकाश पंवार, दिलबाग सिंह, पंकज नौटियाल, नरेंद्र तोमर, राजपाल ठाकुर, अजब किशोर नौटियाल, प्रेम सिंह गुलेरिया, सूर्य प्रकाश शर्मा, सुरेश बेलवाल, कपिल ठाकुर, अजय गुलेरिया, बृजेश कुमार, दान सिंह, सुंदर सिंह, जगदीश, मुन्नालाल, विरेंद्र ठाकुर, कुलदीप, पवन, प्रदीप डोगरा, विरेंद्र चौधरी, अमन शर्मा, प्रेम सिंह आदि शामिल रहे।

# भारत विश्व गुरु बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा

हरिद्वार। देवसंस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज में जी–20 समिट की थीम वसुधैव कुटुम्बकम विषय पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। वरिष्ठ राजनयिक मुक्तेश कुमार परदेशी एवं देवसंस्कृति विवि के कुलपति शरद पारधी, प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर व्याख्यानमाला का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि विदेश मंत्रालय के सचिव मुक्तेश कुमार परदेशी ने कहा कि विगत दिनों में भारत के अलग–अलग शहरों में जी–20 समिट के कार्यक्रम हुए। विश्व के नेताओं ने भारत की प्राचीन संस्कृति एवं आधुनिक सोच को जाना। सभी नेताओं ने स्वीकारा किया कि भारत अब विश्व गुरु बनने की दिशा में मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत जिस तरह युवा पीढ़ी की प्रतिभा को विकसित करने और अवसर प्रदान करने की योजना पर कार्य कर रहा है, यह एक दूरगामी परिणाम देने वाला है। इससे पूर्व देवसंस्कृति विवि के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि भारत में कबीर, गुरु



नानक, स्वामी विवेकानंद, अहिल्या बाई होल्कर जैसे अनेक दिव्यात्माओं ने जन्म लिया और भारत को भारत बनाने में अपनी तप साधना के एक–एक अंश की आहुतियां दीं। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन का समय है। व्याख्यानमाला के समापन अवसर पर कुलपति शरद पारधी ने सभी का आभार प्रकट किया। इस दौरान देसंविवि द्वारा प्रकाशित इंटरनेशनल जर्नल ऑफ यज्ञ रिचर्स तथा अनाहत पत्रिका के नवीन अंक विमोचन किया गया। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति के निजी सचिव सुजीत कुमार सहित विवि के समस्त विभागाध्यक्ष, आचार्य एवं आचार्यो तथा विद्यार्थिगण आदि उपस्थित रहे।

# सम्मेलन में संस्कृत भाषा को बढ़ावा देने पर जोर

देहरादून। संस्कृत भारती की ओर से जनपद स्तरीय संस्कृत सम्मेलन में संस्कृत भाष को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। सम्मेलन में संस्कृत भाषा में निहित ज्ञान, विज्ञान, कला, संस्कृति के सभी विषयों पर मंथन हुआ। रविवार को नगर निगम टाउन हॉल में सम्मेलन का शुभारंभ टपकेश्वर महादेव मंदिर के महंत स्वामी कृष्णा गिरि, डॉ. विनीश गुप्ता, पार्षद विमल गौड़ और संस्कृतभारती देहरादून के संरक्षक डा सूर्य मोहन भट्ट ने किया। आर्ष कन्या गुरुकुल की विदुषियों एवं पौधां गुरुकुल के आचार्यो ने वेद पारायण किया। वक्ताओं ने संस्कृत भाषा में निहित ज्ञान परंपरा पर व्याख्यान दिए। कहा कि संस्कृत ज्ञान परंपरा भारतीय चिंतन की पराकाष्ठा है। सम्मेलन में संस्कृत भाषा के प्रोत्साहन के लिए रूपरेखा प्रस्तुत की गयी। इस मौके पर संस्कृत भाषा में निहित विज्ञान के मूल अवधारणाओं के विषय पर प्रदर्शनी आयोजित की गयी। प्रदर्शिनी में गणित, भूगोल, खगोल, अंतरिक्ष, विज्ञान आदि विषयों पर उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी अनुसंधान परिषद के समन्वय से आयोजित किया गया। तृतीय सत्र में भारतीय कलाओं का प्रदर्शन किया गया। भारतीय कलाओं पर आधारित गीत, नृत्य, नाटक आदि शास्त्रीय कलाएं पेश की गई। इस मौके पर मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रदीप रावत, वैज्ञानिक डॉ. ओम प्रकाश नौटियाल, वरिष्ठ सर्जन डॉ. माधव मैठाणी, संस्कृत के प्राचार्य डॉ. राम मभूषण बिजल्वाण, संस्कृत भारती के प्रांत संगठन मंत्री गौरव शास्त्री संजू प्रसाद ध्यानी, प्रदीप सेमवाल, नागेंद्र व्यास मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय फुटबॉल के फाइनल में भिड़ेंगे देहरादून और मुंबई

देहरादून। 52वीं केंद्रीय विद्यालय संगठन राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता के अंडर–17 बालिका फुटबॉल में सेमीफाइल मुकाबले जीतकर मुंबई और देहरादून संभाग ने फाइनल में जगह बना ली है। केंद्रीय विद्यालय एफआरआई में रविवार को पहले सेमीफाइनल में मुंबई और एर्नाकुलम की टीम आने सामने आई। इसमें मुंबई ने 3–1 के अंतर से जीत दर्ज की। मुंबई की ओर से सृष्टि सिंह ने खेल के 10वें मिनट में जमीनी गोल मारकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद तनिष्का ने दो गोल दागकर टीम को जीत तक पहुंचाया। एर्नाकुलम की ओर से अजीम ने एक गोल किया। दूसरे और रोमांचक मुकाबले में एक गोल से पिछड़ने के बाद देहरादून ने गुरुग्राम को 3–1 के अंतर से शिकस्त देकर फाइनल का रुख किया। गुरुग्राम की ओर से कप्तान अनुष्का ने गोल मारकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई थी।

# इंवेस्टर्स समिट प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होगीः डॉ. भसीन

विकासनगर। भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक जिलों में प्रदेश प्रवक्ताओं की ओर से केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी जा रही है। इसी क्रम में रविवार को प्रदेश प्रवक्ता डॉ. देवेंद्र भसीन ने विकासनगर में कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सतत प्रयासों से नए विकसित उत्तराखंड का आविर्भाव हो रहा है।

लेहमन पुल स्थित एक होटल में मीडिया से रूबरू होते हुए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि दिसंबर माह में प्रस्तावित ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट उत्तराखंड के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। वर्ष 2025 तक उत्तराखंड को अग्रणी राज्यों की श्रेणी में शामिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। डबल इंजन की सरकार इसी लक्ष्य को प्राथमिकता मानते हुए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार के विकास कार्य धरातल पर शत प्रतिशत दिखाई दे रहे हैं। इंवेस्टर्स समिट ऐतिहासिक साबित होगी, इसकी सफलता के संकेत अभी से मिलने लगे हैं। समिट के लिए तैयार की गई योजना के अनुरूप देश, विदेश के निवेशकों द्वारा उत्तराखंड में ढाई लाख करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य रखा गया। मुख्यमंत्री ने लंदन, दुबई, यूएई और अपने देश में नई दिल्ली, बेंगलुरु, अहमदाबाद आदि महानगरों में किए गए रोड शो में 94 हज़ार करोड़ के एमओयू हुए, जो तय लक्ष्य से तीन गुना से अधिक हैं। डॉ. भसीन ने कहा कि रोड शो के माध्यम से एक ओर जहां उन्होंने निवेशकों को उत्तराखंड में संभावनाओं, सरकार की नई नीतियों, प्रक्रिया के सरलीकरण और सुविधाओं की जानकारी दी गई, वहीं उत्तराखंड मूल के निवेशकों से भी मुलाकात कर उनसे भी उत्तराखंड में उद्योग लगाने का अनुरोध किया।

# संस्कृत भारती का जनपद संस्कृत सम्मेलन सम्पन्न

देहरादून। नगर निगम टाउन हॉल में संस्कृत भारती द्वारा एक दिवसीय जनपद संस्कृत सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में संस्कृत भाषा में निहित ज्ञान, विज्ञान, कला, संस्कृति के सभी विषयों पर चर्चा की गयी। सम्मेलन का उद्घाटन टपकेश्वर महादेव मन्दिर के महन्त स्वामी कृष्णा गिरि, आयुर्वेद विद्वान डा विनीश गुप्ता, पार्षद विमल गौड़ और संस्कृतभारती देहरादून के संरक्षक डा सूर्य मोहन भट्ट ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर आर्ष कन्या गुरुकुल की विदुषियों एवं पौधां गुरुकुल के आचार्यो ने वेद पारायण किया। वक्ताओं ने संस्कृत भाषा में निहित ज्ञान परम्परा पर व्याख्यान दिये, वक्ताओं ने कहा कि संस्कृत ज्ञान परम्परा भारतीय चिन्तन की पराकाष्ठा है। सम्मेलन में संस्कृत भाषा के प्रोत्साहन के लिए रूपरेखा तप्रस्तुत



की गयी।

सम्मेलन में ज्ञान, विज्ञान, कला और संस्कृति पर विचार मंथन किया गया। इस अवसर पर संस्कृत विज्ञान प्रदर्शनी भी आयोजित की गयी। संस्कृत भाषा में निहित विज्ञान के मूल अवधारणाओं के विषय पर पर्दर्शिनी आयोजित की गयी। प्रदर्शिनी में गणित, भूगोल, खगोल, अंतरिक्ष, विज्ञान आदि विषयों पर उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी अनुसंधान परिषद के समन्वय से आयोजित किया गया। तृतीय सत्र में भारतीय कलाओं का प्रदर्शन किया गया। इस संस्कृत सत्र में भारतीय संस्कृति और परंपराओं के विषय में प्रस्तुतिकरण दिया गया। प्रतिभागियों ने भारतीय कलाओं पर आधारित गीत, नृत्य, नाटक आदि शास्त्रीय कलाओं का प्रदर्शन किया। सम्मेलन में देहरादून के विभिन्न संस्थाओं, विश्वविद्यालयों, शोध संस्थानों, विश्वविद्यालयों, महाविद्यालय से शिक्षाविद वैज्ञानिक अनुसंधानकर्ताओं ने भाग लिया। सम्मेलन में 450 प्रतिनिधियों ने आवेदन किया था ।

# जोकोविच, रुब्लेव को हराकर रोलेक्स पेरिस मास्टर्स के फाइनल में पहुंचे



पेरिस , नोवाक जोकोविच रोलेक्स पेरिस मास्टर्स के सेमीफाइनल में आंद्रे रुबलेव पर 5–7, 7–6 (3), 7–5 से जीत दर्ज करते हुए फाइनल में पहुंच गए हैं। खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में टेनिस में एक नंबर रैंकिंग वाले जोकोविच ने अपनी जीत का सिलसिला जारी रखते हुए अपने करियर के रिकॉर्ड–विस्तारित 58वें मास्टर्स 1000 फाइनल में पहुंच गये है। वह अब रिकॉर्ड–विस्तारित 40वें मास्टर्स 1000 खिताब से एक जीत दूर हैं।

जोकोविच की इस वर्ष की यह 50वीं जीत है। वह एक ही वर्ष में 50 या अधिक मैच जीते का कारनामा 14 बार कर चुके है। वह ओपन में 14 अलग–अलग सत्र में 50 या अधिक मैच जीतने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं और जिमी कॉनर्स के साथ दूसरे स्थान पर हैं। जोकोविच ने वर्ष 2007 में (68), 2008 में (64), 2009 में (78), 2010 में (61), 2011 में (70), 2012 में (75), 2013 में (74), 2014 में (61), 2015 में (82), 2016 में (65), 2018 में (53), 2019 में (57) और 2021 (55) जीत दर्ज की थी।

जोकोविच अब अपने सातवें रोलेक्स पेरिस मास्टर्स खिताब से एक जीत दूर हैं। टूर्नामेंट के इतिहास में किसी अन्य खिलाड़ी ने इसे तीन से अधिक बार यह खिताब नहीं जीता है। जबकि जोकोविच छह बार रोलेक्स पेरिस मास्टर्स खिताब जीत चुके है। इसी के साथ उन्होंने मास्टर्स 1000 के इतिहास में सर्वश्रेष्ठ जीत प्रतिशत के मामले में राफेल नडाल को पीछे छोड़ दिया है।

# सचिन ने किया एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस हैदराबाद हाफ मैराथन 2023 का उद्घाटन



हैदराबाद ,अपने समय के दिग्गज क्रिकेट खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर ने रविवार को एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस हैदराबाद हाफ मैराथन 2023 का उद्घाटन किया। आज सुबह गाचीबोवली स्टेडियम में आठ हजार उत्साही धावकों के बीच सचिन तेंदुलकर ने एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस हैदराबाद हाफ मैराथन को हरी झंडी दिखाई। सचिन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस हैदराबाद हाफ मैराथन 2023 के लिए लगभग 8,000 उत्साही धावकों को भाग लेते देखना शानदार था। मैं व्यक्तिगत रूप से दृष्टिबाधित धावकों के साहस से प्रभावित हुआ। वे हम सभी के लिए प्रेरणा हैं। हमारे ग्रह के स्वास्थ्य की देखभाल करना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि हमारे स्वयं के स्वास्थ्य की देखभाल करना। इस दिशा में एक पहल यह है कि सभी मैराथन प्रतिभागियों की ओर से हमारे द्वारा 10 हजार पेड़ लगाए जा रहे हैं।

# कोहली के 49 शतकों का पूरा लेखा–जोखा

नई दिल्ली। विराट कोहली ने ईडन गार्डन्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलते हुए अपने वनडे करियर का 49वां शतक जड़ा। विराट कोहली ने अपने आदर्श सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। वहीं, तीसरे नंबर पर रोहित शर्मा मौजूद हैं। चौथे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग मौजूद हैं।

भारत के लिए 2008 में वनडे डेब्यू करने वाले विराट कोहली ने अपना पहला शतक दिसंबर 2009 में श्रीलंका के खिलाफ कोलकाता में लगाया था। उसके बाद से कभी पीछे मुंडकर नहीं देखा है। 14 साल बाद उसी मैदान पर अपना ऐतिहासिक 49वां शतक लगाया।

**आईए जानते हैं विराट कोहली ने कब–कब वनडे में शतक लगाए हैं।**




| क्रम | साल | खिलाफ | स्कोर | स्थान | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2009 | श्रीलंका | 107 | कोलकाता | |
| 2. | 2010 | श्रीलंका | 102* | ढाक | |
| 3. | 2010 | ऑस्ट्रेलिया | 118 | विशाखापट्टनम | |
| 4. | 2010 | न्यूजीलैंड | 105 | गुवाहाटी | |
| 5. | 2011 | बांग्लादेश | 100* | ढाका | |
| 6. | 2011 | इंग्लैंड | 107 | कार्डिफ | |
| 7. | 2011 | इंग्लैंड | 112* | दिल्ली | |
| 8. | 2011 | वेस्टइंडीज | 117 | विशाखापट्टनम | |
| 9. | 2012 | श्रीलंका | 133* | होबार्ट | |
| 10. | 2012 | श्रीलंका | 108 | ढाका | |
| 11. | 2012 | पाकिस्तान | 183 | ढाक | |
| 12. | 2012 | श्रीलंका | 106 | हम्बनटोटा | |
| 13. | 2012 | श्रीलंका | 128 | कोलंबो | |
| 14. | 2013 | वेस्टइंडीज | 102 | पोर्ट ऑफ स्पेन | |
| 15. | 2013 | जिम्बाब्वे | 115 | हरारे | |
| 16. | 2013 | ऑस्ट्रेलिया | 100* | जयपुर | |
| 17. | 2013 | ऑस्ट्रेलिया | 115* | नागपुर | |
| 18. | 2014 | न्यूजीलैंड | 123 | नेपियर | |
| 19. | 2014 | बांग्लादेश | 136 | फतुल्लाह | |
| 20. | 2014 | वेस्टइंडीज | 127 | धर्मशाला | |
| 21. | 2014 | श्रीलंका | 139* | रांची | |
| 22. | 2015 | पाकिस्तान | 107 | एडिलेड | |
| 23. | 2015 | साउथ अफ्रीका | | 138 | चेन्नई |
| 24. | 2016 | ऑस्ट्रेलिया | 117 | मेलबर्न | |
| 25. | 2016 | ऑस्ट्रेलिया | 106 | केनबरा | |
| 26. | 2016 | न्यूजीलैंड | 154* | मोहाली | |
| 27. | 2017 | इंग्लैंड | 122 | पुणे | |
| 28. | 2017 | वेस्टइंडीज | 111* | किंग्सटन | |
| 29. | 2017 | श्रीलंका | 131 | कोलंबो | |
| 30. | 2017 | श्रीलंका | 110* | कोलंबो | |
| 31. | 2017 | न्यूजीलैंड | 121 | मुंबई | |
| 32. | 2017 | न्यूजीलैंड | 113 | कानपुर | |
| 33. | 2018 | दक्षिण अफ्रीका | | 112 | डरबन |
| 34. | 2018 | दक्षिण अफ्रीका | | 160* | केपटाउन |
| 35. | 2018 | दक्षिण अफ्रीका | | 129* | सेंचुरियन |
| 36. | 2018 | वेस्टइंडीज | 140 | गुवाहाटी | |
| 37. | 2018 | वेस्टइंडीज | 157* | विशाखापटनम | |
| 38. | 2018 | वेस्टइंडीज | 107 | पुणे | |
| 39. | 2019 | ऑस्ट्रेलिया | 104 | एडिलेड | |
| 40. | 2019 | ऑस्ट्रेलिया | 116 | नागपुर | |
| 41. | 2019 | ऑस्ट्रेलिया | 123 | रांची | |
| 42. | 2019 | वेस्टइंडीज | 120 | पोर्ट ऑफ स्पेन | |
| 43. | 2019 | वेस्टइंडीज | 114* | पोर्ट ऑफ स्पेन | |
| 44. | 2022 | बांग्लादेश | 113 | चटगांव | |
| 45. | 2022 | श्रीलंका | 113 | गुवाहाटी | |
| 46. | 2022 | श्रीलंका | 166* | तिरुवनंतपुरम | |
| 47. | 2023 | पाकिस्तान | 122* | कोलंबो | |
| 48. | 2023 | बांग्लादेश | 103* | पुणे | |
| 49. | 2023 | साउथ अफ्रीका | | 101* | कोलकाता |

विराट कोहली ने 277 वनडे पारियों में 49वां शतक जड़ा है। वहीं, सचिन तेंदुलकर यहां तक पहुंचने में 452 पारियां खेली थीं। तीसरे स्थान पर मौजूद रोहित शर्मा ने 251 पारी 31 शतक जड़े हैं। चौथे नंबर पर मौजूद रिकी पोंटिंग ने 365 पारियों में 30 शतक लगाए थे। वहीं, सनथ जयसूर्या ने 433 पारियों में 28 शतक बनाए थे।

# विश्व कप क्रिकेट: सेमीफाइनल में पहुंचने की पाकिस्तान की उम्मीदें बरकरार




बेंगलुरू , विश्व कप क्रिकेट के सेमीफाइनल में पहुंचने की पाकिस्तान की उम्मीदें अभी भी बरकरार हैं। आज पाकिस्तान ने बारिश से प्रभावित मुकाबले में न्यूजीलैंड को डकवर्थ–लुइस मैथड के तहत 21 रन से हरा दिया है। शनिवार को मिली इस जीत से पाकिस्तान की टीम पॉइंट्स टेबल में 5वें नंबर पर आ गई है और सेमीफाइनल की रेस में बरकरार है। फखर जमान ने 81 बॉल पर नाबाद 126 और कप्तान बाबर आजम ने 63 बॉल पर नाबाद 66 रन बनाए। फखर जमान ने शनिवार को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में आईसीसी विश्व कप 2023 के 35वें मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ 402 रनों का पीछा करते हुए पाकिस्तान के लिए सबसे तेज वनडे विश्व कप शतक लगाया।

बाएं हाथ के बल्लेबाज ने कीवी टीम के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए 20वें ओवर में 63 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया। फखर जमान ने इमरान नजीर के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 2007 किंग्स्टन विश्व कप में जिम्बाब्वे के खिलाफ 95 गेंदों में शतक बनाया था, जो इसे विश्व कप इतिहास में किसी पाकिस्तानी बल्लेबाज द्वारा सबसे तेज शतक के रूप में चिह्नित करता है। इसके अलावा, फखर ने किसी पाकिस्तानी खिलाड़ी द्वारा विश्व कप की एक पारी में सर्वाधिक छक्के लगाने के नजीर के रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया, क्योंकि नजीर ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 121 गेंदों पर 160 रन की पारी के दौरान आठ छक्के लगाए थे। फखर ज़मान का 63 गेंदों में शतक विश्व कप के सबसे तेज़ शतकों की सूची में संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर है, भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने भी विश्व कप के इस संस्करण के दौरान अफगानिस्तान के खिलाफ 63 गेंदों में शतक बनाया था। सलामी बल्लेबाज रचिन रवींद्र (108 ) के शानदार शतक और कप्तान केन विलियम्सन की 95 रन की बेहतरीन पारी की बदौलत न्यूज़ीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ विश्व कप मुकाबले में शनिवार को छह विकेट पर 401 रन का विशाल स्कोर बना लिया था।

## हार्दिक के बाहर होने के बाद बीसीसीआई ने इस खिलाड़ी को नियुक्त किया उप–कप्तान



नई दिल्ली , हार्दिक पांड्या के टखने की चोट के कारण टूर्नामेंट के शेष भाग से बाहर होने के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मौजूदा आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के लिए विकेटकीपर–बल्लेबाज केएल राहुल को भारतीय टीम का उप–कप्तान नियुक्त किया है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने शनिवार को पुष्टि की कि पांड्या को एकदिवसीय विश्व कप के बाकी बचे मैचों से बाहर कर दिया गया है, क्योंकि वह बाएं टखने की चोट से उबरने में नाकाम रहे थे, जो उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ 19 अक्टूबर को लीग मैच के दौरान लगी थी। द इंडिया एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, राहुल अब उप–कप्तान के रूप में गेंदबाजों और बल्लेबाजों की सभी टीम बैठकों में भाग लेंगे और टीम प्रबंधन सभी प्रमुख निर्णयों में उनसे परामर्श करेगा। बीसीसीआई ने शेष विश्व कप के लिए केएल राहुल को भारतीय टीम का उप–कप्तान नियुक्त किया है।

**जयन्त**
**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com